

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 18 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-320 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

**गरियाबंद,18 फरवरी।** नेशनल हाइवे में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. युवक सड़क किनारे औंधे मुंह पड़ा था. ये मामला गरियाबंद सिटी कोतवाली क्षेत्र का है. नेशनल हाइवे 130 ष्ट पर सड़क किनारे एक बाइक सवार पेड़ से टकराया हुआ दिखा. लोगों ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी. जिसके बाद पुलिस रविवार सुबह मौके पर पहुंची. तब तक युवक की जान जा चुकी थी. मृतक की पहचान जैतपुरी निवासी संजय विश्वकर्मा के रूप में की गई है. सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे. परिजनों ने बताया कि मृतक क्रेन ऑपरेटर था जो काम खत्म होने के बाद गरियाबंद से अक्सर रात को ही घर के लिए बाइक से निकलता था. अंदेशा जाहिर किया जा रहा है की सामने से आ रही किसी बड़े वाहन के टकराने या साइड देते वक्त लाइट अपर डिपर के कारण सड़क से उतर कर बाइक पेड़ से टकरा गई होगी. रात को इसकी सूचना किसी को नहीं मिल सकी. युवक बाइक में ही फंसा रहा. जिसके कारण उसकी मौत हो गई होगी. फिलहाल कोतवाली पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामले की जांच में जुट गई है.

### नहर में मिली दिव्यांग युवक की लाश

**जांजगीर चांपा,18 फरवरी।** जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के सिल्ली लगरा नहर में एक दिव्यांग युवक की तैरती हुई लाश मिली है, लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है, सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पंहुचा दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। आप को बता दे की आज सुबह 8 बजे जब गांव के किसान अपने खेत जा रहे थे, तभी अचानक सिल्ली माइनर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरते हुहे देखा, और तत्काल पुलिस को इसकी सुचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और मृतक युवक की शिनाख्त मनमोहन केवट पिता पूनाउ केवट निवासी बनाहिल के रूप में हुई है।

### 108 एम्बुलेंस में आग

**सूरजपुर,18 फरवरी।** जिले के एनएच 43 स्थित चंदरपुर में सड़क किनारे खड़ी संजीवनी 108 एम्बुलेंस में भीषण आग लग गई है. आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. सूचना मिलते ही दमकल वाहन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई, वहीं अभी आग लगने का कारण अज्ञात है, कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, एनएच 43 स्थित चंदरपुर में सड़क किनारे खड़ी एम्बुलेंस में आग लगी है. बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस गैरेज में बनने आई हुई थी, जो आग की चपेट में आकर खाक हो गई है।

### नक्सलियों ने की कंपनी कमांडर की हत्या

**बीजापुर,18 फरवरी।** नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां नक्सलियों ने सीएएफ के कंपनी कमांडर को मौत के घाट उतार दिया है। मृतक कमांडर तिजाउ राम भुआर्य दरभा के चौथी बटालियन में पदस्थ थे। मामला कुटरू थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, रविवार को कमांडर तिजाउ राम भुआर्य कुछ काम से कैंप से बाहर निकले हुए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी।

### भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर पर मिसाइल से हमला

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** तेहरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में ब्रिटिश तेल टैंकर पोल्क्स पर मिसाइल हमला किया है. हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हमले की घोषणा करते हुए दावा किया कि जहाज पर सीधा निशाना लगाया गया है. अमेरिकी विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि यमन से दागी गई मिसाइल ने पोल्क्स के बंदरगाह की तरफ से टकराई. यमन के तट से दूर लाल सागर में 72 समुद्री मील की दूरी पर पनामा के झंडे वाले कच्चे तेल के टैंकर को क्षति पहुंची है.



# आचार्य विद्यासागर महाराज का देहावसान

## पूरे देश में शोक की लहर,पंचतत्व में विलीन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**डोंगरगढ़,18 फरवरी।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने रात्रि 2.35 बजे चंद्रागिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में ब्रह्मलीन हो गए. उनके निधन की खबर मिलते ही जैन समाज सहित पूरे देश में शोक की लहर छा गई। विद्या सागर जी का अंतिम संस्कार डोंगरगढ़ में किया गया। अंतिम दर्शन के लिए पूरे देश भर से उनके अनुयायी यहां पहुंचे थे। अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता श्री मल्लप्पा थे जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता श्रीमंती थी जो बाद में आर्यिका समयमति बनी। विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी जो आचार्य शांतिसागर शिष्य थे। आचार्य विद्यासागर जी को 22 नवम्बर 1972 में ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था, केवल विद्यासागर जी के बड़े भाई ग्रहस्थ है। उनके अलावा सभी घर के लोग संन्यास ले चुके है।उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने आचार्य विद्यासागर जी से दीक्षा ग्रहण की और मुनि योगसागर जी और मुनि समयसागर जी कहलाये।

आचार्य विद्यासागर जी संस्कृत, प्राकृत सहित विभिन्न आधुनिक भाषाओं हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते हैं।



उन्होंने हिन्दी और संस्कृत के विशाल मात्रा में रचनाएँ की हैं।

### श्रद्धांजलि

**राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन** ने परम् वंदनीय संत शिरोमणि, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से महाराज को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि विश्व-कल्याण के लिए आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समर्पण अविस्मरणीय है।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय** ने राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर महा मुनिराज जी के ब्रम्हलीन होने पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का देश व समाज के लिए योगदान युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा।

### देश के लिए अपूरणीय क्षतिः मोदी

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के ब्रह्मलीन होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है. पीएम ने एक्स पर लिखा है कि मेरे विचार और प्रार्थनाएं आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के अनगिनत भक्तों के साथ हैं. आने वाली पीढ़ियां उन्हें समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए याद रखेंगी, विशेषकर लोगों में आध्यात्मिक जागृति के उनके प्रयासों, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए. मुझे वर्षों तक उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ. मैं पिछले साल के अंत में डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ में चंद्रगिरि जैन मंदिर की अपनी यात्रा को कभी नहीं भूल सकता. उस समय मैंने आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के साथ समय बिताया था और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया था.

### राजकीय शोक

रायपुर. आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के देहावसान पर छत्तीसगढ़ में राजकीय शोक घोषित किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. जिसके बाद शासकीय स्तर पर कोई भी मनोरंजन और सांकृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे.

# अभी बहुत फैसले बाकी: मोदी

**नई दिल्ली,18 फरवरी.** नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है, लेकिन अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नया उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने का है। पीएम मोदी ने कहा कि आज विपक्ष के नेता भी NDA सरकार 400 पार के नारे लगा रहे है। NDA को 400 पार कराने के लिए भाजपा को 370 का मील का पत्थर पार करना ही होगा। उन्होंने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा देश मानता है कि हमने देश को महाघोटालों और आतंकी हमलों के खौफ से मुक्ति दिलाई है। हमने गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी के लिए तीसरा कार्यकाल सत्ताभोग के लिए नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले 5 साल में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है। अगले 5 साल में हमे विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता। सपनें भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमे भारत को विकसित बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने ये नहीं किया कि सत्ता मिल गई तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। उन्होंने कहा, ऐसे ही मैं अपने सुख-वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं अपने सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भाजपा युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है। हमने सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय की भावना से हर व्यवस्था को पुरानी सोच और अप्रोच से बाहर निकाला है। जिनको किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें पूछा है, इतना ही नहीं हमने उसको पूजा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमारी माताओं-बहनों-बेटियों के लिए अवसर ही अवसर आने वाले हैं। मिशन शक्ति से देश में नारीशक्ति की सुरक्षा और सशक्तिकरण का संपूर्ण इकोसिस्टम बनेगा। 15 हजार महिला स्ा्त को ड्रोन मिलेंगे। अब ड्रोन दीदी खेती में वैज्ञानिकता और आधुनिकता लाएंगी। अब देश में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनाई जाएगी। नरेंद्र मोदी ने कहा, विपक्षी दल भले ही योजनाओं को पूरा करना ना जानते हो लेकिन झूठे वादे करने में इनका कोई जवाब नहीं रहा है। हमारा वादा है विकसित भारत का।

# देश ने किया तय मोदी फिर से बनेंगे पीएम : शाह

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन 2024 के दूसरे दिन रविवार को गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और I.N.D.I.A गठबंधन के खिलाफ प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि देश ने तय किया है कि मोदी ही फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। अमित शाह ने कहा, इस अधिवेशन के बाद 2047 का भारत कैसा होगा इसका मोदी का संदेश लेकर हम हर चुनाव क्षेत्र में जाएंगे। पूरे देश में कही संशय नहीं है, देश ने तय किया है कि मोदी ही फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। बता दें, 2024 चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों को धार देने के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाया है। भारत मंडपम में इसका आयोजन किया जा रहा है, जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद हैं। अमित शाह ने कहा, 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है। लेकिन आज मैं बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकता हूं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों में हुआ है।




राष्ट्रीय अधिवेशन में बोलते हुए अमित शाह ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज का एक वोटबैंक की तरह कांग्रेस और इंडी अलायंस ने बहुत उपयोग किया। लेकिन उन्हें पहली बार सम्मान और हिस्सेदारी देने का काम भाजपा की मोदी सरकार ने किया। अमित ने आगे कहा कि मैं आज आप सबके माध्यम से भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि अगले चुनाव में दो खेमें आमने-सामने हैं। एक तरफ है मोदी जी के नेतृत्व में NDA का गठबंधन और दूसरा है कांग्रेस के नेतृत्व में सारी परिवारवादी पार्टियों का घमंडिया गठबंधन। ये घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का पोषक है और भाजपा एवं NDA गठबंधन राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलने वाला गठबंधन है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'INDI गठबंधन और कांग्रेस पार्टी इस देश के लोकतंत्र को खत्म कर रही है। उन्होंने देश के लोकतंत्र को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण, जातिवाद से रंग दिया। परिवारवादी पार्टियां इस तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं करने में लगी रही कि कभी भी जनमत स्वतंत्र रूप से उभर कर न आए। मोदी ने 10 साल में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण और जातिवाद को समाप्त कर विकास किया।



**रायपुर।** हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में श्री सनातन धर्म प्रचार परिषद द्वारा सवा करोड़ शिवलिंग बनाने का आयोजन किया गया है। शिवभक्त पूरी तन्मयता से शिवलिंग बना रहे हैं।

# झारखंड में जातीय जनगणना को मंजूरी

**पटना,18 फरवरी।** बिहार के बाद अब झारखंड में जातीय जनगणना को मंजूरी मिल गई है। राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रदेश में जातीय जनगणना कराने की मंजूरी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को यह भी आदेश दे दिया है कि वो इसके संबंध में ड्राफ्ट तैयार करे। सीएम ने आदेश दिया है कि जातीय जनगणना कराए जाने को लेकर SoP बनाया जाए और इसे अप्रूवल के लिए कैबिनेट के पास रखा जाए। सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो लोकसभा चुनाव के बाद जातीय जनगणना का काम शुरू कर दिया जाएगा। राज्य में जातीय जनगणना को लेकर सीएम चंपाई सोरेन ने एक्स पर लिखा, जिसकी जितनी संख्या बड़ी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। झारखंड तैयार है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा, कार्मिक विभाग झारखंड में सर्वे करने के लिए



एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिड्यूर (एसओपी) तैयार करेगा। इसके बाद इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। जिस तरह पड़ोसी राज्य बिहार में जातीय जनगणना की गई थी उसी पैटर्न पर झारखंड में भी यह जनगणना की जाएगी। बिहार में पिछले 2 सालों में 7 जनवरी से लेकर 2 अक्टूबर तक का डेटा जुटाया गया था। विनय कुमार चौधरी ने कहा कि जातीय जनगणना कराने के लिए ग्रामीण और कल्याण विभाग पर भी चर्चा की गई थी लेकिन अंत में सर्वे कराने के लिए कार्मिक विभाग का नाम फाइनल किया गया है। झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार है और इस महागठबंधन के विधायक समय-समय पर विधानसभा में जातीय जगणना की मांग उठाते रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी ने भी अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जातीय जनगणना कराए जाने की वकालत की थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जातीय जनगणना का समर्थन कर चुके हैं। चंपाई सोरेन पहले खुद को हेमंत सोरेन पार्ट-2 बता चुके हैं। अभी एक दिन पहले ही कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की थी और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था और मांग की थी कि पिछड़ों का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया जाए। अब सीएम चंपाई सोरेन ने बिहार की तर्ज पर ही झारखंड में भी जातीय जनगणना को स्वीकृति प्रदान कर दी है और अब जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

### ईडब्ल्यूएस का लाभ सिर्फ सामान्य वर्ग को देना अन्याय

# याचिका पर हाई कोर्ट ने सरकार को जारी किया नोटिस

**भोपाल,18 फरवरी।** आर्थिक रूप से कमजोर का कोटा का लाभ केवल सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को देने को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। दरअसल, याचिकार्ता ने तर्क दिया है कि गरीब सभी श्रेणियों और जातियों में मौजूद है लेकिन, ईडब्ल्यूएस का लाभ केवल सामान्य वर्ग के लोगों को ही दिया जा रहा है। शनिवार को मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि विजय मलिमथ एवं न्यायमूर्ति विशाल मिश्र की युगलपीठ ने की। एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस नामक संगठन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से छह सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। याचिकार्ता ने तर्क दिया है कि यद्यपि गरीब सभी श्रेणियों और जातियों में मौजूद हैं, लेकिन ईडब्ल्यूएस का लाभ केवल सामान्य वर्ग को दिया जाता है, जो अन्यायपूर्ण है।

याचिकाकर्ता के एक वकील रामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा, भारत सरकार द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस नीति असंगत है। याचिकाकर्ता ने संविधान की धारा 15(6) और 16(6) के तहत केंद्र सरकार को चुनौती दी है। 2019 के 103वें संशोधन में एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के तहत कवर नहीं किए गए लोगों को 10त्न ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए संविधान में अनुच्छेद 15(6) और 16(6) को शामिल किया गया था संविधान में तर्क दिया गया कि ओबीसी, एससी-एसटी को लाभ से बाहर रखा जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि ईडब्ल्यूएस नीति अनुच्छेद 14 के खिलाफ है। इतना ही नहीं, ईडब्ल्यूएस आरक्षण विशेष आरक्षण है, जो असंवैधानिक है जो गरीबों के साथ जातिगत आधार पर भेदभाव करती है। शुरुआती सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब पेश करने के लिए नोटिस जारी किया है।

# कमलनाथ पर ईडी, सीबआई, आईटी का दवाब : दिग्गी राजा

भोपाल,18 फरवरी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं. कहा जा रहा है कि कमलनाथ जल्द ही बीजेपी ज्वाइन कर सकते हैं. हालांकि इसको लेकर अबतक कोई औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है. इस बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ऐसी अटकलों को खारिज किया है. उन्होंने कहा, मेरी कमलनाथ जी से चर्चा हुई है. कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व पर भी लगातार विचार विमर्श किया जा रहा है. दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्हें कांग्रेस में कौन-सा पद नहीं मिला. केंद्र में मंत्री, AICC में मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री सब तो उन्हें मिला तो मुझे नहीं लगता है कि वो कांग्रेस पार्टी छोड़ेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा, कमलनाथ जी जैसा व्यक्ति जिन्होंने शुरुआत कांग्रेस से की और जिन्हे हम सब इंदिरा जी का तीसरा सुपुत्र मानते थे और उन्होंने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है, कांग्रेस के स्तंभ रहे हैं. कांग्रेस के सीनियर नेता ने कहा, ईडी, सीबीआई और आईटी का दबाव है, जोकि सब पर है. वो उन पर भी है, लेकिन कमलनाथ जी का चरित्र दबाव में आने वाला नहीं रहा है. वहीं मीडिया को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा, आपके पास बीते 15 दिनों से कोई और खबर नहीं है. हम और कैसे खंडन करेंगे कि उन्होंने ज्वाइन नहीं किया और न ही इस्तीफा दिया.÷ कमलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अलर्ट मोड पर हैं. दरअसल दावा किया जा रहा है कि कमलनाथ के साथ कई विधायक भी कांग्रेस पार्टी छोड़कर जा सकते हैं. इसको लेकर पटवारी ने एक-एक विधायक से बात की है. इससे पहले जीतू पटवारी ने कमलनाथ को इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा बताया था. उन्होंने कहा, कमलनाथ के बारे में ये बातें निराधार हैं. जब 1980 में कमलनाथ जी ने पहली बार चुनाव लड़ा था तो इंदिराजी ने (छिंदवाड़ा में) एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए नाथ को अपने तीसरे बेटे के रूप में पेश किया था. क्या कोई इंदिरा जी के तीसरे बेटे के भाजपा में शामिल होने का सपना देख सकते हैं?



हालांकि, पटवारी ने उन खबरों का खंडन किया कि कांग्रेस से राज्यसभा टिकट दिए जाने से इनकार किए जाने के बाद नाथ नाराज थे. उन्होंने कहा, नाथ ने राज्यसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में अशोक सिंह का नाम प्रस्तावित किया, जिसका पार्टी नेताओं ने सर्वसम्मति से समर्थन किया.

# मनीष तिवारी के भी भाजपा में शामिल होने की अटकलें

**नई दिल्ली,18 फरवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के बाद अब सांसद मनीष तिवारी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलें तेज हो गयी हैं। सूत्रों के अनुसार, भाजपा मनीष तिवारी के संपर्क में हैं और वो जल्द ही पार्टी में शामिल हो सकते हैं। बता दें, कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों से पहले ही राजनीति गर्मायी हुई है। ऐसे में दिग्गज नेता मनीष तिवारी के भी बीजेपी में शामिल होने की खबरें कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि लोकसभा चुनाव सिर पर हैं। नेता मनीष तिवारी वर्तमान में पंजाब के आनंदपुर साहिब से कांग्रेस सांसद है। सामने आयी जानकारी के अनुसार, तिवारी ने लुधियाना की इस लोकसभा सीट से कांग्रेस की बजाय भाजपा की टिकट पर आगामी चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की है। हालाँकि, भाजपा ने साफ़ कर दिया है कि लुधियाना लोकसभा सीट के लिए उनके पास सक्षम उम्मीदवार मौजूद है।



सांसद मनीष तिवारी से पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ और उनके बेटे नकुल नाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें सामने आयी। अटकलों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर उनसे सवाल किया गया तो मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम ने खबरों को खारिज नहीं किया और न ही इनकी पुष्टि की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'आप सभी उत्साहित क्यों हो रहे हैं? यह इनकार करने के बारे में नहीं है। अगर ऐसा कुछ है तो मैं आप सभी को सूचित करूंगा।'

## एक नजर

### गांजा बेचती महिला गिरफ्तार

**भिलाई 18 फरवरी।** वैशाली नगर थाना पुलिस और एसीसीयू की टीम ने गांजा बेचते एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला को गिरफ्तार किया है। महिला से 5 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया है जब्त गांजे की कीमत करीब 33 हजार रुपए आंकी गई है पुलिस ने मामले में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वैशाली नगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि वृंदा नगर गणेश मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय के बाजू से महिला गांजा बेच रही है। इसके अलावा अपने घर में गांजे का अवैध भंडारण कर रखा है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने एक टीम गठित कर मौके पर भेजी, जहां मौके पर मुखबीर के बताए हुलिए वाली महिला दिखाई दी घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया पूछताछ में अपना नाम बिरो (60वर्ष) निवासी गणेश मंदिर वृंदा नगर बताया। आरोपिया के कब्जे से एक थैला मिला, जिसमें 100 ग्राम गांजे की 20 पुड़िया मिली। इसके अलावा घर के अंदर से सात पॉलीथिन में 5.500 किग्रा समेत कुल 5.600 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



### अज्ञात महिला ने पार किया पर्स

**भिलाई 18 फरवरी।** छावनी थाना क्षेत्र बाजार से खरीददारी कर ऑटो से घर लौट रही एक महिला के पर्स में पखे सोने का लॉकेट किसी अज्ञात महिला ने पार कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी घर में कपडा सिलने का काम करती है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 फरवरी को अपनी छोटी बहन लता, भाभी यमुना के साथ पावर हाउस जवाहर मार्केट में एक ज्वेलर्स दुकान में एक सोने का लॉकेट चेन वजनी 12.710 ग्राम को खरीद कर अपने पर्स में रखी इसके बाद वापस घर जाने के लिए प्रार्थिया की बहन लता व भाभी यमुना स्कूटी में घर चले गये।

### भिलाई नगर निगम के इंजीनियर से गाली-गलौज

**भिलाई 18 फरवरी।** जामुल थाना अंतर्गत कुरुद हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक रहवासी ने भिलाई नगर निगम के इंजीनियर से गाली-गलौच कर दिया। भिलाई निगम के इंजीनियर ने जामुल थाने में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 186, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस के अनुसार भिलाई नगर निगम के इंजीनियर विनय कुमार मेश्राम ने बताया कि वैशाली नगर जोन 2 में स्वच्छता पयर्वेक्षक के पद पर पदस्थ हैं कलेक्टर के जन दर्शन में हाउसिंग बोर्ड कालोनी ईडब्ल्यूएस 659 के निवासी भीषण कुमार गुप्ता ने शिकायत की थी कि उसके घर के सामने से सिवरेज टैंक का पानी बहता रहता है इसलिए इसे दूसरी जगह बनाया जाए। कलेक्टर ने इसके लिए निगम कमिश्नर को निर्देशित किया। इसके बाद विनय मेश्राम शुक्रवार को इसका निरीक्षण करने वहां गए थे। जब निगम के कार्य पालन अभियंता और उप अभियंता विनय मेश्राम और निर्माण के लिए कार्य स्थल का निरीक्षण कर रहे थे तो वहां रहने वाले दिनेश सिंह ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया।

### रेलवे कर्मचारी को लूट लिया

**भिलाई 18 फरवरी।** डबरापारा रेलवे लाइन पर बेल्डिंग कार्य करने के बाद घर जा रहे रेलवे कर्मचारी के साथ अल सुबह खुर्सीपार थाना के सामने लूट हो गई पांच युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की इसके बाद मोबाइल पर्स और घड़ी लूटकर भाग गए जब वह अपनी फरियाद लेकर थाना पहुंचा तो पुलिस ने मोबाइल गुन होने की शिकायत ली और आरोपी को गिरफ्तार कर का भरोसा दिलाया भिलाई नगर रेलवे कॉलोनी निवासी मोतीलाल ने बताया कि शनिवार को 4.15 बजे डबरापारा रेल लाइन की बेल्डिग कार्य कर घर जा रहे थे। खुसीपार में साई डायग्नोसिस सेंटर के पास स्कूटर से पहुंचा जहां पांच युवकों ने रास्ता रोक लिया और पैसे की मांग करने लगे जब विरोध किया तो मारपीट की इसके बाद जेब से मोबाइल पर्स और कलाई घड़ी को लूटकर भाग गए इसकी शिकायत लेकर थाना पहुंचे ड्यूटी पर तैनात जवानने मोबाइल गुम होने की शिकायत लिखाई कहा ट्रेस करने के लिए साइबर में नंबर भेजा जाएगा।

### जामुल मण्डल ने किया नव जिलाध्यक्ष महेश वर्मा का किया भव्य स्वागत



**जामुल 18 फरवरी।** भाजपा जामुल मंडल के नैतृत्व में जिलाध्यक्ष महेश वर्मा का स्वागत व भेंट मुलाकात कार्यक्रम जिला कार्यालय भिलाई में सैकड़ो कार्यकर्ता के उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष को बधाई देने में जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, प्रदेश प्रचार प्रसार प्रमुख युवामोर्चा आकाश सिंह ठाकुर, जिलाउपाध्यक्ष युवामोर्चा जितेंद्र साहू, महामंत्री नूतन वर्मा/ बंटी गुप्ता, पूर्व जिला प्रकोष्ठ दिनेश पांडे, जिला मंत्री ओबीसी मेघनाथ साहू, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, ठाकुर विक्रम सिंह, मंडल मंत्री संजय यादव, युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, महामंत्री अनूप राय, उपाध्यक्ष किशन गर्ग, ऋषभ बंछोर, महिलामोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूपेश्वरी वर्मा, नंद कुमार साहू, पूर्व पार्षद सरस बर्मन, पूर्व पार्षद श्रीमती राजेश्वरी रेड्डी, पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा, पूर्व पार्षद अश्वनी यादव, ओबीसी मण्डल अध्यक्ष अजय निर्मल, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू, एससी मंडल अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, सुरेश मानिकपुरी, अरुण कुमार सिंह, बुथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, भानु साहू, ध्रुव देवांगन, ओमप्रकाश, राय, सागर, अजीत सिंह मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली के लिए निगम ने सील की 14 दुकानें

**राजस्व वसूली के लिए निगम प्रशासन कमर कस कर काम कर रहा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 फरवरी।** वित्तीय वर्ष समाप्ति पर अपने राजस्व वसूली के लिए निगम प्रशासन कमर कस रखा है। जोन एक एवं दो के राजस्व अमले ने आयुक्त के निर्देश पर जोन आयुक्त की उपस्थिति में 14 दुकानों को सील किया । राजस्व वसुली टीम निगम क्षेत्र के भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर नहीं पटाए जाने के कारण दुकान में वसूली के लिए पहुंचे तो कुछ ने तत्काल राशि जमा कर राहत की मांग की आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने मार्च माह में राशि पटाए जाने का वचन पत्र लेकर राशि जमा लेने के निर्देश दिए । जोन 1 स्मृति नगर के श्यामाचरण पांडे के बकाया राशि सम्पत्तिकर 3 लाख 75 हजार रुपये जमा नहीं करने पर 8 दुकान तथा जोन दो क्षेत्र के भवन स्वामी उत्तम कुमार लोधी के 5 दुकाने व भगवंतिन बाई के दुकान को चपडा से सील बंद किया गया। राजस्व अमले ने कार्रवाई के दौरान 8 लाख से अधिक की राशि वसूल किया । बता दें कि विगत दिनों सुपेला के आकाशदीप काम्प्लेक्स मे सील किए 17 दुकानों में से पांच दुकानदारों ने संपत्ति कर की राशि 3 लाख 64 हजार निगम कोष में जमा किया और दुकान का ताला खुलवाया । निगम प्रशासन ने भिलाई निगम क्षेत्र के भवन मालिकों से अपील किया है अपने सम्पत्तिकर, जल कर, भुभाटक, दुकान किराया, आदि राशि का भुगतान कर विरुद्ध होने वाली विधि सम्मत कार्रवाई से बचेंगे। कुर्की कार्रवाई मे जोन आयुक्त खिरोद्र भाई, यशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, धीरज साहू जोन राजस्व विभाग के कर्मचारी पुलिस प्रशासन तथा तोडफ़ोड़ दस्ता के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



### टैक्स जमा नहीं करने वाले 8 को अंतिम नोटिस, 41 लाख वसूली करने कुर्की

**रिसाली 18 फरवरी।** रिसाली के ऐसे 8 लोगों को अंतिम नोटिस जारी किया है, जो टैक्स जमा करने रुचि ही नहीं दिखा रहे है। बकायेदारों से 41 लाख 88 हजार, 122 रु. वसूली करना है। तीन दिन के भीतर राशि जमा नहीं करने पर कुर्की आदेश जारी किया जाएगा। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन टैक्स वसूली को लेकर गंभीर है। राजस्व विभाग को निर्देश दिया है कि टैक्स जमा में लापरवाही करने वालों से सख्ती से पेश आए। इसी आदेश के बाद निगम के अधिकारी शुक्रवार को पाश कालोनी में रहने वाले 8 लोगों को नोटिस जारी कर राशि जमा करने अंतिम मोहलत दी है। राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि बकाया दार पिछ्ले कई साल से टैक्स जमा नहीं कर रहे है। जिन्हे नोटिस जारी किया गय। नवीन कुमार मैत्री नगर, ढालू राम यादव आजाद मार्केट, जगनाथ यादव पटरीपार रिसाली, प्रवीण सिंह मैत्री नगर, प्रवीण सिंह मैत्री नगर, बाल कृष्ण आशीष नगर, नंदनी देवांगन शक्ति विहार, कामेश्वर सिंह शक्ति विहा। राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बकायेदारों की सूची लंबी है। सभी को नोटिस जारी कर राशि जमा करने कहा गया है। राशि जमा नहीं करने पर धारा 175 का नोटिस जारी कर नाम सार्वजनिक कर कुर्की कार्यवाही की जाएगी।

## हिंदी में कार्यालयीन काम करन हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य:योगेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के सभागार में, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में 17 को राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीतियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में, महाप्रबंधक टी गोविन्द, महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी गौरव सिंघल, महाप्रबंधक एन के गंगवाल, सहायक महाप्रबंधक के भटनागर, वरिष्ठ प्रबंधक समीर दास तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी सौरभ जैन ने हिंदी के क्षेत्र में की जा रही पहल, विशेष उल्लेखनीय कार्य एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि योगेश शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, हमें अपने सारे कार्यालयीन कामकाज हिंदी में ही करना चाहिए। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। सामान्य ज्ञान, यातायात, सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्द ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी इस प्रकार हैं- प्रथम पुरस्कार दीपक गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार सौरभ जैन एवं तृतीय पुरस्कार टी गोविन्द ने जीता। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता गौरव सिंघल, कुशल चंद्र साहू एवं जय प्रकाश सोनी रहे। संचालन संजीव सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक गुप्ता द्वारा दिया गया।



## गागर में सागर पुस्तक नीतिपरक, रोचक और मार्ग दिखाने वाली: वर्मा

**भिलाई, 18 फरवरी।** आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर पर समीक्षा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा ने कहा कि गागर में सागर की रचना पं.विष्णु शर्मा की पंचतंत्र से प्रेरणा लेकर की गयी है। साहित्य सृजन परिषद द्वारा आयोजित संगोष्ठी में डॉ.वर्मा ने आगे कहा कि डा. शर्मा संस्कृत और संस्कृति के महत्त्वपूर्ण चिन्तक हैं। उनका पूरा जीवन साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और लेखन को समर्पित है। उनके अनुभव का निचोड़ उनके लेखन में सहज ही उपलब्ध है। कवि प्रदीप वर्मा ने अध्यक्ष की आसन्दी से कहा कि ये पुस्तक नीतिपरक और मार्गदर्शी ललित निबंधों से सम्पन्न है। प्रोफेसर डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने अपने समीक्षात्मक आलेख में बताया कि शब्द शास्त्री डॉ महेश चन्द्र की यह अनमोल कृति है। वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ.राजेन्द्र पाटकर स्नेहिल ने डॉ.शर्मा की इस पुस्तक को पाठकों के लिये मार्गदर्शी बताया। डा.पाटकर के समीक्षात्मक आलेख का वाचन सुशिक्षिका एवं सुकवयित्री शुचि भवि ने किया। कवि त्रिलोकी नाथ कुशवाहा अंजन ने कहा कि किताब वास्तव में एक गोताखोर द्वारा प्राप्त 108 मोतियों की मणिमाला है। आचार्य महेश ने पुस्तक लेखन में गुरुजनों के शुभाशीष, परिवार के सहयोग और पाठकों की प्रेरणा आदि मुख्य कारणों का उल्लेख किया। कार्यक्रम संयोजक एवं परिषद के अध्यक्ष एन.एल.मौर्य प्रीतम ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में कवि एवं मीडिया विद प्रदीप भट्टाचार्य, कवि प्रकाश मण्डल, डॉ.संजय दानी, डॉ.बीना सिंह, ओम् वीर करन एवं डॉ.नीलकण्ठ देवांगन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ.नौशाद अहमद सिद्दीक़ी सब्र ने ये जानकारी दी।



## श्री राम जन्मोत्सव समिति में हुई नए लोगों की नियुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 फरवरी।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति के प्रदेश अध्यक्ष रमेश माने एवं प्रदेश महामंत्री बुद्धन ठाकुर की अनुमति से कोर ग्रुप की सहमति तथा युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय की अनुशंसा से समिति के अहम पदों पर नए सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इसमें जिलाध्यक्ष के साथ ही महिला शाखा अध्यक्ष एवं युवा शाखा के महामंत्री व प्रखण्ड में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सनातन धर्म के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रामभक्त सदैव पूरी श्रद्धा के साथ कार्य कर रहे हैं। समिति के विस्तार एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के मद्देनजर समिति में अहम पदों पर नियुक्तियां की जा रही है जिसके तहत प्रवीण पाण्डेय प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, विष्णु पाठक, रविन्द्र भगत, योगेन्द्र पाण्डेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुरलीधर अग्रवाल को मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में मदन सेन को जिलाध्यक्ष, बसंत प्रधान, जोगिंदर शर्मा व अरविंद वर्मा को महामंत्री एवं दिलीप केशरवानी को जिला सह-कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पद पर कुलेश्वर प्रसाद साहू, कैंप प्रखण्ड अध्यक्ष गिरगेश पाण्डेय एवं मुकेश पाण्डेय को रिसाली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पाण्डेय ने बताया कि समिति की महिला शाखा अध्यक्ष के रूप में श्रीमती शीला बाघमारे एवं महामंत्री पद पर मेघा कौर व गीतांजलि की नियुक्ति की गई है। वहीं युवा शाखा महामंत्री पद पर सागर शुक्ला, प्रकाश यादव, अंजय पाण्डेय व कन्हैया की नियुक्ति की गई है। समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से समिति की रीति- नीति के अनुरूप कार्य करने एवं धर्म रक्षा, जनजागरण सहित सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने आव्हान किया। पाण्डेय ने कहा कि समिति के विस्तार के क्रम में आगे भी और पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।



**विधायक ने बसों में महिला व छात्राओं के लिए सीट आरक्षित करने बस चालकों को दिए निर्देश**

## छात्राओं,महिला यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा18 फरवरी।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा महिलाओं और छात्राओं के सशक्तिकरण, सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हमेशा ही सार्थक प्रयास करती रहीं। इसी कड़ी में उन्होंने बसों में सफर करने वाली महिलाओं व महाविद्यालय व स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं की सुविधा को देखते हुए बसों में सीट आरक्षित करने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया है।

भावना बोहरा ने कहा की माताओं-बहनों की सुविधा एवं छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। कई बार महिलाओं और महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्र-छात्राओं को बसों में सफर के दौरान बैठने के लिए जगह नही मिलती जिससे उन्हें दिक्कतें होती हैं और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ जैसी शिकायतें भी मिलती हैं। इसी के मद्देनजर मैनें जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया था कि क्षेत्र में संचालित हो रही बसों का निरीक्षण करके उसके परमिट अनुसार महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर महिलाओं व महाविद्यालयीन छात्राओं को ही बैठाने के लिए बस चालकों को निर्देश देने की बात कही थी।



उन्होंने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा इस पर त्वरित कार्यवाही की गई और बस चालक व सह चालक को इस विषय में निर्देश दिए गए हैं और महिलाओं के लिए सीट आरक्षित रखने के नियम का सख्ती से पालन करने की बात कही है। इसके साथ ही समय-समय पर बस में उपलब्ध सुविधाओं को दुरुस्त करने, परमिट, लाइसेंस एवं बस के फिटनेस की भी जांच करने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**महिलाओं-छात्राओं के लिए पिंक स्टॉपेज :** भावना बोहरा ने बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, पांडातराई एवं विभिन्न स्थानों में लगातार छात्राओं व महिलाओं को बसों में आरक्षित सीटों का लाभ नही मिलने व असुविधाओं का सामना करने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिसके निराकरण के लिए कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी से चर्चा कर उसके निराकरण करने की बात कही। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा के विभिन्न स्थानों में पिंक स्टॉपेज बनाने की भी बात कही है ताकि सफर करने वाली माताओं-बहनों व छात्राओं को सुविधा मिल सके जिनकी स्थापना जल्द ही की जाएगी। इन स्थानों में उनके बैठने की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित होगी। महिलाओं व बेटियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी उद्देश्य के साथ कानून व्यवस्थाओं को भी सुदृढ करने के साथ-साथ क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने और ऐसे विभिन्न क्षेत्रों में जहां महिलाओं को असहजता एवं असुविधाओं के आभाव में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उनके निराकरण के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को करेगे कवर्धा केन्द्रीय विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण

**कवर्धा 18 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के महराजपुर स्थित नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस लोकार्पण समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय भवन एवं कर्मचारी आवासीय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यो की लागत 20.56 करोड़ रूपए बताई गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने केन्द्रीय विद्यालय भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और सांसद श्री संतोष पाण्डेय के अथक प्रयासों से कबीरधाम जिले को केन्द्रीय विद्यालय का एक नया संयुक्त परिसर का निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। प्रचार्य श्री सुशील कुमार ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय भवन निर्माण कार्यो की आधारशीला वर्ष 2017 में रखी गई थी। वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं तक संचालित है। जिसमें 486 विद्यार्थी अध्यनरत है। अध्यनरत विद्यार्थियों में 248 छात्र और 238 छात्राएं शामिल है। नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन में सभी कक्षाएं उच्च स्तरीय तरीके से बनाएं गए है। परिसर में खेल, संगीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त जगह तैयार किए गए है। केन्द्रीय विद्यालय वर्तमान में आउटडोर स्टेडियम परिसर में संचालित हो रही है।



### कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से किए गए सम्मानित



**भिलाई, 18 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 16 फरवरी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार उपस्थित थे। माह जनवरी के लिए निल कुमार लखेरा, मास्टर तकनीशियन तथा जगजीवन राम सिन्हा चार्जमन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**भिलाई, 18 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र का कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 15 से 21 फरवरी तक सुरक्षा जागरूकता सप्ताह और सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा ने दीप प्रज्ज्वलित करके मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार और मुख्य महाप्रबंधक पी आर भल्ला की उपस्थिति में किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक पी एम राजेंद्र कुमार और युवा कर्मचारियों की टीम द्वारा किया जा रहा है।

### शिवसेना की बैठक में तय की गयी रामनवमी की तैयारी की रूपरेखा

**भिलाई, 17 फरवरी।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे की प्रदेश स्तरीय बैठक महेश भवन में ली गई। बैठक में आगामी रामनवमी की तैयारी रूपरेखा तय किया गया। प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष नगर अध्यक्षों रामनवमी शोभा यात्रा के संदर्भ में जिम्मेदारी दी गई है एवं संगठन के विस्तार हेतु योजनाएं बनाई गई। प्रदेश उप प्रमुख सुरेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब की रामनवमी में प्रदेश भर में हलचल रहेगी एवं राममय रहेगी। रायपुर को शिव सैनिक भगवामय करेंगे इसकी तैयारी में शिव सैनिक आज से जूट जायेगें। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनंद मल्होत्रा, सुरेंद्र यादव, सुनील कुकरेजा, एच एन पालीवाल, संजय नाग, संतोष पांडे, राजू गुप्ता, वीरेंद्र गिरी, संदीप हटवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे।



एक नजर

## थाना गैंदाटोला के मामले में मवेशी तस्कर को महाराष्ट्र से लाकर किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 18 फरवरी।** 11 फरवरी के रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही टाटा ट्रक वाहन को थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टाफ के द्वारा हिक्मतअमली से ग्राम छुरियाडोंगरी के पास रोका गया था, जो वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ा कर मौके पर छोड़ कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। वाहन ट्रक मे 29 नग मवेशी को ठुस ठुस कर भरकर, क्रुरता पुर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र की ओर काटने हेतु बुचड़ खाना ले जाते पाये जाने पर 29 नग मवेशी एवम् 01 वाहन जुमला कीमती 3,29000/- रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 08/2024 धारा ङ्क 4 ,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया था। प्रकरण में फरार आरोपी का पतासाजी कर गिरफ्तार किए जाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन पर फरार आरोपी शेख फैजान पिता शेख अमीर उम्र 27 निवासी दरगाह के पास, बिबी साहबपुरा, कारंजा थाना कारंजा जिला वाशिम, महाराष्ट्र को उसके निवास पर से जिला सायबर सेल की सहायता से अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ एवम् विवेचना दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने पर मामले में आज दिनांक 17.02.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले के अन्य संलीप्त आरोपियों का पतासाजी किया जा रहा है।

## संस्कार श्रद्धांजलि ने दी तीन शवों को सदगति



**डोंगरगढ़ 18 फरवरी।** निवासी रमन गोस्वामी की तबीयत बिगड़ने पर उनकी धर्मपत्नी बृहस्पति गोस्वामी ने जिला चिकत्सालय पेंड्री में 1फरवरी को भर्ती कराया था।जहां इलाज के दोरान 17फरवरी को उनकी मृत्यु होने पर जिला चिकत्सालय में पदस्थ महेश देवांगन ने संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ को दूरभाष पर सूचित कर बताया की मृतक रमन गोस्वामी के साथ उनकी पत्नी के अलावा और कोई नहीं है।आर्थिक स्थिति दयनीय होने से वे डोंगरगढ़ ले जाने की स्थिति में नहीं है। संस्कार श्रद्धांजलि की पहल पर स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में पूर्ण विधिविधान के साथ श्रीमती गोस्वामी की उपस्थिति में पार्थिव शरीर का विधि विधान के साथ मुक्तिधाम परिसर में अग्निदाह से अंतिम संस्कार किया। इससे पूर्व संस्था द्वारा तुमडीबोड़ थाने व सोमनी थाने के अंतर्गत अज्ञात शवो को सदगती दी। अंतिम संस्कार के दौरान संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़, प्रेम दिलवाले, मोहन साहू, राजू रावटे,रहमान खान उपस्थित थे।

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में नि:शुल्क इलाज से जुडो खिलाडी पुनः नेशनल खेलने को तैयार



**रायपुर 18 फरवरी।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने कुछ माह पूर्व अपने यहाँ अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन का शुभारम्भ किया था जिसमे प्रदेश के ऐसे खिलाडी जो अपने अभ्यास या खेल के दौरान चोटिल हो जाते है जिन्हे गंभीर चोट भी आ जाती है साथ ही आर्थिक रूप से असहाय, असक्षम खिलाड़ियों का इलाज अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के तहत रामकृष्ण केयर में आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन के कंसल्टेंट डॉक्टर सुमन नाग की देखरेख में किया जाता है। इसी के तहत हाल ही में प्रदेश की जुडो की राष्ट्रीय प्लेयर शारदा गोस्वामी के लिंगामेंट का निशुल्क इलाज अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के तहत डॉक्टर सुमन नाग ने किया जिससे अब शारदा गोस्वामी पुनः राष्ट्रीय खेल खेलने के लिए तैयार है। जुडो में राष्ट्रीय खिलाड़ी शारदा गोस्वामी ने बताया की कुछ समय पूर्व उन्हें खेल के दौरान चोट लग गई थी एक्सरे इत्यादि में उनके चोट के बारे में कोई डॉक्टर सही जानकारी नहीं बता रहे थे फिर शारदा गोस्वामी को अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के बारे में पता चला वे यहाँ आकर डॉक्टर सुमन नाग से मिली जहां उनका करने पर पता चला की उनके घुटने की लिंगामेंट,ष्टरु एवं गादी टूटने का पता चला।

## डीआईजी के पदोन्नत होने पर अंचल में हर्ष

**राजनांदगांव, 18 फरवरी।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री डीआर आचला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पदोन्नत होकर डीआईजी बनने पर उनक निवास स्थान आदिवासी बाहुल्य जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी क्षेत्र सहित समुचे आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है। उनके इस महत्वपूर्ण उलब्धि पर उनके मित्रों, शुभचिंतकों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आदिवासी समाज के लोगों ने श्री आचला के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आचला वर्तमान में 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल धनोरा बालोद में सेनानी के पद पर पदस्थ हैं। उल्लेखनीय है कि श्री आचला आदिवासी बाहुल्य मानपुर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम टोहे के मूल निवासी है। वे घोर गरीबी एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आज इस मुकाम पर पहुँचे हैं। उन्होंने घर की गंभीर आर्थिक परिस्थिति एवं बचपने में ही अपने पिता जी के देहांत हो जाने के कारण कक्षा 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी।

# जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने देवलोक गमन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 18 फरवरी।** विश्व प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी देवलोक को गमन कर गए है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि लगभग 18 फरवरी के लगभग 2.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । वे पिछ्ले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे । आचार्य विद्यासागर महाराज,लगभग छ्ह माह से डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में रुके हुए थे आचार्य विद्यासागर महाराज के दर्शन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 04 नवंबर 2023 को डोंगरगढ़ पहुंचकर जैन मुनि विद्यासागर महाराज के दर्शन किए थे। जैन मुनि की समाधि (मृत्यु) पर धर्मनगरी सहित जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई है व उनकी देव स्वरूप दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई है।

**संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का समाधिमरण मरण चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में हुआ :** युगदृष्टा ब्रह्मांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज आज दिनांक 17 फरवरी 2024 दिन शनिवार तदानुसार माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि 2-35 बजे हुये ब्रह्म में लीन 7 हम सब के प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत संलेखना बुद्धि पूर्वक धारण कर ली थी 7 पूर्व जागृत अवस्था में उन्होने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास ग्रहण करते हुए आहार और संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था 7 प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद





कर दिया था 7 गुरुवर श्री जी का डोला श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र में 18 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1 बजे से निकाला जाएगा और चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र पर ही पंच तत्व में विलीन किया जाएगा । युग दृष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज आज दिनांक 17 फरवरी शनिवार तदनुसार माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि में 2-35 बजे हुए ब्रह्म में लीन।

हम सबके प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत सल्लेखना बुद्धिपूर्वक धारण करली थी। पूर्ण जागृतावस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन से उपवास धारण किये हुए (शायद हमेशा के लिए) आहार एवं संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था एवं प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था और अखंड मौन धारण कर लिया था।9 फरवरी शुक्रवार को दोपहर शौच से लौटने के उपरांत साथ के मुनिराजों को अलग भेजकर निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर जी से चर्चा करते हुए संघ संबंधी कार्यों से निवृत्ति ले ली और उसी दिन आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने आचार्य पद के योग्य प्रथम मुनि शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागर जी महाराज को योग्य समझा और तभी उन्हें आचार्य पद दिया जावे ऐसी घोषणा कर दी थी जिसकी विधिवत जानकारी कल दी जाएगी।

गुरूजी की यम संलेखना संबोधन निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी निर्यापक श्रमण मुनि श्री प्रसादसागर जी मुनि श्री चन्द्रप्रभसागर जी मुनि श्री पूज्यसागर जी मुनि श्री निरामयसागर जी मुनि श्री निस्सीमसागर जी ऐ श्री निश्चयसागर जी ऐ श्री धैर्यसागर जी बा.ब्र. विनय भैया सम्राट बण्डा(बेलई) ब्र तात्या भैया ब्र अशोक भिलवड़े मधुर देवरी की मौजूदगी में संपन्न हो गई है गुरुवर्य श्री जी का डोला चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ में दोपहर 1 बजे निकाला जाएगा,एवम् चन्द्रगिरि तीर्थ पर ही पंचतत्व में विलीन किया जावेगा।सल्लेखना के अंतिम समय श्रावकश्रेष्ठी अशोक जी पाटनी आर के मार्बल किशनगढ राजा भाई सूरत प्रभात जी मुम्बई अतुल शाह पुणे डॉ सुहास शाह मुम्बई डॉ स्वप्निल सिंघई व डॉ गौरव शाह पूर्णायु जबलपुर विनोद बडजात्या रायपुर किशोर जी डोंगरगढ भी उपस्थित रहे ।

# स्कूल की सरकारी जमीन को लगानी जमीन में परिवर्तित कर फर्जीवाड़ा

- तहसील कार्यालय में तारीख पर तारीख देकर मामले को लटकाया जा रहा है
- मामला मगरलोड के ग्राम पंचायत डाभा का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी/मोंहदी 18 फरवरी।** ग्राम पंचायत ढाबा के ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष डॉक्टर शिवनारायण साहू पिता स्वर्गीय पुनारदराम साहू ने अपने और अपने भतीजे के नाम पर शासकीय आबादी भूमि के 6 हे. जमीन को लगानी भूमि में परिवर्तित करवा के ऋष्टा पुस्तिका बनाकर अनुचित लाभ ले रहा है, शिवनारायण साहू ने 4 हे.अपने नाम पर और भतीजे रिखी राम साहू, व तेजराम साहू के नाम पर 2 हे.जमीन है, जिसकी जानकारी शासन और प्रशासन को दिया जा चुका है, इसके बावजूद प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है उल्लेखनीय है कि स्कूल के लिए आरक्षित शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया है,जिसकी शिकायत प्रमाणित दस्तावेज के साथ संबंधित अधिकारियों से किया गया है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है, आपको बता दें कि वर्ष 1999 में उक्त आबादी भूमि खसरा नंबर 1249 में 0.56 हे.शासकीय भुमि के रिकॉर्ड में दर्ज दर्ज है वर्तमान में खसरा नंबर 1249/1 में 0.50 हे. 1249/2 में 0.02 हे.एवं 1249/3 0.04 हे.भुमि में विभाजित होकर लगानी भुमि परिवर्तित किया गया है, इस शासकीय भुमि को रिखीराम और तेजराम पिता हलालखोर साहू ग्राम डाभा का नाम अंकित है और वर्तमान में भुमि पर काबिज हो कर कास्तकारी किया जा रहा है, इसके साथ ही धान विक्रय एवं भूऋष्टा लेकर नाजायज फायदा उठा रहा है शिकायत कर्ता ग्राम पंचायत डाभा के उप सरपंच शिवकुमार साहू व प्रताप सिंह यादव ने बताया कि अभी तक अतिक्रमण पर कोई कार्यवाही नहीं हुआ है, मगरलोड तहसीलदार के पास मामला लंबित है जहां प्रकरण में सुनवाई नहीं हो रही है सिर्फ तारीख पर तारीख दिया जा रहा है।जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है, इस? मामले में तत्काल कार्यवाही किया जाए कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ग्रामवासियों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया है ।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 13 जोड़े बंधे विवाह बंधन में,क्षेत्र के नेताओं ने दिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 18 फरवरी।** ग्राम बगदई में दिनांक 17 फरवरी 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगांव के तत्वाधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 13 जोड़ों का विवाह सम्पन्न किया गया। निर्धन परिवार की कन्याओं को विवाह हेतु सहायता ,विवाह में होने वाले फिजूलखर्ची को रोकने, दहेज प्रथा की रोकथाम आदि उद्देश्य से शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जाती है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव के समीपस्थ ग्राम बगदई में 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बाजे गाजे के साथ बारात निकाली गई तथा पटाखों की गूंज के साथ वर पक्ष मंडप तक पहुंचे। वधू पक्ष द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिया तथा सात वचनों के साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती इंदुमती साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण सभापति श्रीमती दीबिका साहू, सभापति श्रीमती निर्मला सिन्हा, सभापति श्रीमती भुवनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्री वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मोनिका साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री गुलशन हिरवानी, संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव डा नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव श्री महेश्वर साहू, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य श्री चुनेश्वर साहू,पूर्व जनपद सदस्य श्री धनराज ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत बगदई श्रीमती भगवती निर्मलकर, श्री संतोष यादव, श्री योगेश पटेल ने समस्त जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान किया । सम्मानीय अतिथियों के करकमलों से समस्त वधू को 21 हजार का चेक तथा उपहार सामग्री और विवाह का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।आयोजन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा अतिथियों ने सभी वर वधू के सुखी तथा समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की है।

## निहारिका ने अपना एल्बम ट्वेंटी 19 जारी किया

**रायपुर 18 फरवरी।** राष्ट्रीय इस पीढ़ी की दमदार कलाकार निहारिका ने अपना एल्बम÷ट्वेंटी 19 जारी किया है, जो एक ऐसी दुनिया के सफर पर ले जाता है, जहां भावनाएं दिल को छू लेने वाले गीत के साथ हिलोरे खाती हैं। निहारिका ने साधारण प्रेम गीतों की सीमाओं से परे हटकर एक ऐसी भावनात्मक कहानी बुनी है जो उनकी नई एल्बम के तीन ट्रैक - दिमाग ख़राब, जाना और लौटा दे में बयां हो रही है।दिल से एक कहानीकार और प्रसिद्ध पश्चिमी कलाकारों की याद दिलाने वाली मनोरम आवाज की मल्लिका निहारिका अपने हर एक ट्रैक के साथ श्रोताओं को एक सफर पर ले जा कर सही राह दिखाती है।

## पशु तस्कर गिरफ्तार

**राजनांदगांव 18 फरवरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 09.02.2024 के रात्रि 02.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भा.द.वि. की धारा 307,302,34,120क्वछ. ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । विवेचना दौरान अलग अलग स्थान से पूर्व में 08 आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग द्बश्चह्य के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पतातलाश की जा रही थी।

# एनएसयूआई ने विभिन्न मांगों को लेकर घेरा पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय को



**राजनांदगांव 18 फरवरी।** आज राजनांदगांव एनएसयूआई ने पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय में हों रही छात्रों को निरंतर परेशानियों को लेकर राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महाविद्यालय का घेराव किया।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने महाविद्यालय के छात्रों की मांगों को लेकर कहां की पिछले चार वर्षो से महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम नहीं हुआ है ना ही छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण में ले जाया जा रहा है यूनिवर्सिटी के नियम अनुसार फरवरी माह के 10तारिक तक महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन होना चाहिए किंतु महाविद्यालय प्रशासन इस प्रोग्राम को टाल रही थी जिससे छात्रों में अत्यधिक आक्रोश था जिला अध्यक्ष ने महाविद्यालय के डीन को तत्काल वार्षिक उत्सव कराने को कहां अन्यथा एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जवाबदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव और महाविद्यालय के छात्र हस्द्ध जिला सचिव जयंत पटेल ने कहां की बार बार छात्रों द्वारा एनएसयूआई के बैनर तले ज्ञापन देकर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम कराने और शैक्षणिक भ्रमण में ले जाने की बात कही परंतु महाविद्यालय प्रशासन इन मांगों को गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही थी जिससे एनएसयूआई ने आज महाविद्यालय में प्रदर्शन कर तत्काल इन मांगों को पूरा करने की बात कहीं। एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव और महाविद्यालय की छात्रा चित्रलेखा यादव ने कहां की महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में महीनों तक साफ सफाई नहीं होती हैं और छात्रों को प्रेक्टिकल भी नहीं कराया जा रहा है विभिन्न मांगों को तत्काल प्रभाव से करने के लिए छात्रों ने महाविद्यालय के डीन को कहां अन्यथा एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी।

## ब्रम्हचारी धाम में विविध धार्मिक व दैवीय आयोजन

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 18 फरवरी।** डोंगरगांव तहसील के ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी धाम में आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है ,विदित हो कि विगत कई वर्षो से ब्रम्ह चारी धाम में विविध धार्मिक व दैवीय आयोजन होते आ रहे है ,इसी कड़ी में इस साल भी ,श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ,अखण्ड राम नाम संकीर्तन, के अलावा रामकथा का आयोजन किया गया है। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर धर्म लाभ ले रहे हैं। साथ ही भोजन भंडारा में चल रहे भोजन भंडारा में जाकर सहपरिवार भोजन परोसने की सेवा दी तत्पश्चात भोजन शामिल होकर भोजन प्रशाद ग्रहण कर रहे है। राम कथा सुनने पहुंचे खुज्जी विधायक भोला राम साहू चल रहे यज्ञीय आयोजन में क्षेत्रीय विधायक भोला राम साहू सहपरिवार पहुंच कर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी जी का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण कर ,यज्ञ आदि की परिक्रमा कर राम कथा के पंडाल में पहुंच कर कथा वाचक संत राम ज्ञानी महात्यागी का आशीर्वाद लिया तथा राम कथा का रस पान किया।कथा व्यास पीठ से संत महात्यागी जी ने बताया कि,राम कथा रूपी अमृत पीना चाहते है सुनना और कहना चाहते हैं तो अहमता को छोड़ कर ही कहा और सुना जा सकता है,उन्होंने श्रोताओं को बताया कि ,राम चरित मानस ही भव सागर पार करने की नैया है, मानव का कल्याण तब होगा जब वह निष्काम हृदय से सत्संग में जाकर कथा का रसपान करे ,उन्होंने ने अपनी ओज पूर्ण वाणी से संगीत मयी राम कथा में ,सीता अवतरण,श्री राम जन्म की कथा का सविस्तार वर्णन किया।

चल रहे यज्ञ में प्रधान यज्ञाचार्य पंडित बसन्त तिवारी जी के सानिध्य में वैदिक पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के सांथ यज्ञ यजमानो के द्वारा आहुतियां।डाली जा रही है।

समाचार संक्षेप

## ग्राम तुमड़ीबोड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव 18 फरवरी ।** जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य कार्यो के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम तुमड़ीबोड़ में किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल शिविर में पहुंचकर वहाँ उपस्थित लोगों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारी को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टाल का निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित सभी पटवारी को निर्देश दिए कि ग्राम में फौती के सभी प्रकरण नामांतरण पंजी में दर्ज होना चाहिए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निर्देश दिए कि यदि अधिक लोगों का आवास आवेदन आबादी भूमि नही होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पा रहा हो तो नियमानुसार आबादी घोषित करने प्रस्ताव ग्राम पंचायत प्रेषित कर पटवारी प्रतिवेदन दे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली तथा यह निर्देश दिए कि वृद्धजन पेंशन के तहत पेंशन पाने वाली महिला तथा दिव्यांग महिला का फार्म अविलंब जमा करें तथा डोर टू डोर जाकर इनका फार्म जमा कर आनलाईन एंट्री करे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर में राजस्व विभाग के साथ ही कृषि विभाग , आरटीओ, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल लगाए गए थे।शिविर में अविवादित नामांतरण, फौती, किसान किताब, खाता विभाजन तथा त्रुटि सुधार, आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह शिविर में ही आरटीओ विभाग के स्टाल में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए जिसका शिविर में त्वरित निराकरण किया गया। महतारी वंदन योजना का फार्म जमा करने हेतु भी शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पंचायत विभाग की टीम उपस्थित थी। शिविर में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह, एसडीएम डोंगरगांव श्री असवन पुसाम, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह, जिला राजनांदगांव के सभी तहसीलों के तहसीलदार , नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा कोटवार उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी की ली बैठक


**राजनांदगांव 18 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी बैठक ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम स्तर पर किसानों से चर्चा कर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, रेशमपालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदर्शन, शैक्षणिक भ्रमण एवं कृषक समूह निर्माण गतिविधियों के साथ आवश्यक रोजगार मूलक कार्यों को सम्मिलित करते हुये कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण से लाभान्वित किसानों का प्रशिक्षण विषयवार डाटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण उपरांत किसानों के जीवन स्तर एवं कृषि प्रणाली में हुये सकारात्मक परिवर्तन का प्रचार-प्रसार अन्य कृषकों तक किया जा सके। जिससे अन्य किसान भी सफल किसानों की भांति लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने क्षेत्र के अन्य किसानों को नई तकनीक और आधुनिक खेती-किसानी के प्रति जागरूक किया हो, ऐसे विकासखंड स्तर के 5 उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शहर में मॉर्डन आईस्क्रीम पार्लर खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ कोदो-रागी की इडली, चीला, अंबाड़ी जूस, बेल जूस एवं जैविक सब्जी-फल, दूध का भी विक्रय किया जाएगा।

## देवांगन समाज ने मनाई मां परमेश्वरी महोत्सव

**अंवरी 18 फरवरी।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की वार्षिक बैठक एवम मां परमेश्वरी महोत्सव ग्राम इकाई बकली में 15 फरवरी दिन गुरुवार को रखा गया था। जहां मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना के पश्चात सामाजिक कार्यविधियो का शुभारंभ किया गया। 10 वीं और 12वीं के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही समाज को उन्नयन की ओर अग्रसर करने के विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई और अन्य सामाजिक संबंधी विषयों पर विशेष चर्चा हुई। देवांगन समाज के ग्राम इकाई हथबंद, बकली, सिर्री, दरबा, बिरेझर, चारभाठा, सिरसिदा के सामाजिक बंधुओं द्वारा मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। वार्षिक बैठक में प्रस्तावित सामाजिक कार्यो के संपन्न होने पश्चात शाम 4 बजे माता के सेवागीतों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। देवांगन समाज की महिलाओं युवतियों द्वारा दर्जनों की संख्या में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई और पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। जय देवांगन, जय महाजन के जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा में समाज के पदाधिकारी, सदस्यों सहित बुजुर्गो, बच्चों महिलाओं की काफी संख्या में उपस्थिति रही। महोत्सव में आयोजित कलश सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुष्पा देवांगन बकली को 701 रूपये, द्वितीय असलेखा देवांगन बकली को 501 रूपये, तृतीय लकेश्वरी देवांगन दरबा को 301 रुपए, चतुर्थ रेणुका देवांगन हथबंद को 201 रुपए और पंचम में कुमारी कुमकुम देवांगन चारभाठा को 101 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया।

**एक नजर**

### कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क एक्ट पर व्याख्यानमाला आयोजित




**धमतरी, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद,डॉ. सपना ताम्रकार,पंकज जैन, कोमल प्रसाद यादव, प्रेमनाथ भारती,गायत्री लहरे,सरला द्ववेदी,राजेश चौरसिया एवं सीमा साहू के मार्गदर्शन में वैल्यू ऐडेड कोर्स के तीसरे दिन प्रथम सत्र के रिसोर्स पर्सन डॉ. रजनीश कुमार सिंग ने मेन प्रोविजन ऑफकॉपीराइट एक्ट पर विस्तृत जानकारी दी। प्रथम सत्र में चेयर पर्सन की भूमिका निभाते हुए पंकज जैन ने डॉ.रजनीश कुमार सिंग की एकेडमिक जरनी को छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा। रिपोर्टर की भूमिका कोमलप्रसाद यादव ने निभाई। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी उप्र के डॉ.रजनीश कुमार सिंग ने कॉपीराइटर एक्ट 1957 के मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कॉपीराइटर एक्ट के प्रत्येक बिन्दुओं पर गहनता से जानकारी दी। दूसरे सत्र में सुनील कुमार ने ट्रेडमार्क एक्ट 1999 पर जानकारी प्रदान की। व्दितीय सत्र के चेयर पर्सन की भूमिका कोमल प्रसाद यादव ने एवं रिपोर्टर की भूमिका पंकज जैन ने निभाई। दूसरे सत्र में एक्जामिनर ऑफट्रेडमार्क एवं जीआईई सुनील कुमार ने करेण्ट ईशु एण्ड चैलेंजेंस इन ट्रेडमार्क एक्ट 1999 पर जानकारी देते हुए ट्रेडमा की परिभाषा, उद्देश्य, ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से अवगत कराया।

### दोरनापाल में रेत माफिया सक्रिय

**सुकमा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रशासन के नाक के नीचे से रेट माफिया दोरनापाल सबरी नदी के पुल के पास खुलेआम जेसीबी लगाकर रेत निकाल रहे हैं। जबकि प्रशासन गहरी नीद में सो रहा है। जब इसकी जानकारी हमारे द्वारा तहसीलदार दोरनापाल को दी गई तो उन्होंने रेती की बात सुनते ही फोन काट दिया और उसके बाद साहब फोन उठाना ही बंद कर दिया। इससे साफनजर आता है कि दोरनापाल में प्रशासनिक व्यवस्था ठप है।



**सुकमा,18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 226 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र वोधारास में सिविक एक्शन का कार्यक्रम चलाया गया।

### आचार्य विद्यासागर की हुई समाधि



**सिमगा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जन जन के संत विश्वनंदिनी गुरुवार हमारे सबके भगवान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की रात्रि 2:30 में चंद्र गिरी तीर्थ डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में समाधि हुई सिमगा जैन समाज के सभी वर्ग के लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे।

# बच्चों को विटामिन एवं आयरन सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 18 फरवरी।** संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देश अनुसार जिले में आज शिशु संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ। गौरतलब है कि यह अभियान जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 16 फरवरी से 22 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन की सिरप तथा विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। इस क्रम में कार्यक्रम की जिला स्तरीय शुरुआत बालूद के आंगनबाड़ी केंद्र से की गई। जिसमें बच्चों को विटामिन ए की दवा तथा आयरन का सिरप दिया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य कुलदीप ठाकुर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल चिकित्सा अधिकारी दंतेवाड़ा डॉक्टर राजेश राय आर एम एन सी एच सलाहकार अंकित सिंह खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएस नेताम विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीवन नाग आंगनबाड़ी केंद्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन तथा बालूद के ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया प्रगतिशील कृषकों की खेती का अवलोकन

# उन्नत तकनीक अपनाने व अपरंपरागत फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 18 फरवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज ब्लॉक गीदम अंतर्गत उन्नत कृषि कर रहे प्रगतिशील कृषकों की खेती का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने कृषकों से चर्चा करते हुए उन्हें कृषि की उन्नत विधियां एवं तकनीक अपनाने पर बल देते हुए क्षेत्र में अपरम्परागत फसलों को भी बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कृषकों से यह भी कहा कि वे अपने आस-पास के अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस क्रम में कलेक्टर ग्राम घोटपाल पहुंचकर कृषक धनीराम की कृषि भूमि का अवलोकन किया यहां उक्त कृषक द्वारा अपने खेत में आधुनिक विधि से करेला शाक का उत्पादन किया जा रहा है। इसे देखकर कलेक्टर ने उक्त कृषक को प्रोत्साहित करते हुए अन्य किसानों को भी इसी प्रकार सुविधा देने तथा क्षेत्र में क्लस्टर बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां एक अन्य कृषक लक्ष्मण द्वारा की जा रही टमाटर की खेती को भी देखा। तत्पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पुरनतराई में कृषक ''मारोराम'' के यहां मसूर दाल की उन्नत खेती का अवलोकन किया और उसका उत्साहवर्धन करते हुए अन्य कृषकों को भी इसी प्रकार अनुसरण करने की समझाइश दी। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान क्रम में कलेक्टर बड़े तुमनार स्थित पटेल पारा के प्रगतिशील कृषक चामसिंह और मुराराम से भी मिले और उनकी सब्जी बाड़ी में विधि से लगाये गये फसलों का भी जायजा लिया। उक्त कृषकों ने अपनी कृषि में विभागीय मार्गदर्शन से ''जीवामृत एवं हंडीदवा'' जैसी जैविक पद्धतियों का प्रयोग किया हुआ है। और ये कृषक डंकिनी नदी के कछार तट पर पंप के सहारे सिंचाई कर शाक-सब्जी की उत्पादन कर रहे है। इस मौके पर कलेक्टर ने उक्त कृषकों से जैविक खेती की पद्धतियों से अवगत होकर कृषि विभाग को इसी प्रकार 3-4 किसानों के बीच गौमूत्र संग्रहण हेतु पक्का फ्लोर बनाने के निर्देश दिये। उक्त कृषकों द्वारा अपनी भूमि के कुछ हिस्से पर अन्नानस फल पौधे का भी रोपण किया हुआ है। इससे प्रभावित होकर कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को अन्य कृषक परिवारों की आय वृद्धि हेतु प्रगतिशील कृषि तरीकों के उपयोग पर प्रोत्साहन देने, और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, और उन्नत कृषि यंत्र के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर ग्राम हिरानार स्थित कड़कनाथ मुर्गी पालन हब एवं वृद्धाश्रम भी पहुंचे जहां उन्होंने कड़कनाथ मुर्गी पालन में रोजगार संभावनाओं पर भी जानकारी ली। वहां वृद्धआश्रम में रह रहे बच्चों के लिए पुस्तकों और मेज इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को भी कहा। इस मौके पर उप संचालक कृषि सूरज कुमार पंसारी, सहायक संचालक उद्यान डिकलेश कुमार, भुमगादी संस्था से आकाश वडावे सहित आर एस नेताम, मनीष कुंजाम आदि विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों में पहुंची कला जत्था व एलईडी वैन



**दंतेवाड़ा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने हेतु कला जत्था टीम एवं एलईडी वैन जुटी हुई है। और जिले की सौ से अधिक ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं से रूबरू करा रही हैं। प्रचार-प्रसार रथ (एलईडी वाहन) के जरिए ग्रामीण स्तर पर योजनाओं की पहुंच सुगम बनाने जनसम्पर्क विभाग द्वारा सभी ब्लॉक के चिन्हांकित गांवों में भेजा जा रहा है और स्थानीय ''नेगमुदिलाय नयानार'' सांस्कृतिक संस्था कला जत्था की टीम के द्वारा आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दे रहे है। इस क्रम में एलईडी वाहन एवं लोक कलाकारों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से आज जिले के विकासखंड के ग्राम खुंटेपाल, नकुलनार में योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया और उक्त ग्रामों के निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाते हुए भारी हुजुम में कार्यक्रम में शिरकत किया।

# घर से बेघर हुए व्यापारी, सड़क पर अपना सामान रखने मजबूर

### ग्राम पंचायत कोर्रा के बाजार चौक में बीते दिनों प्रशासन ने हटाया था अतिक्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 18 फरवरी।** बीते 14 फरवरी बुधवार को ग्राम पंचायत कोर्रा के बाजार चौक में स्तिथ व्यापारी व दुकानदारों की अतिक्रमण हटाकर प्रशासन ने अपना पीठ थपथपा ली व अतिक्रमण के नाम पर शासन के अधिकारियों के द्वारा बुलडोजर के द्वारा व्यापारियों के दुकानों को गिरवा दिया गया। जिससे दुकानदारों की व्यापार समान को सड़क में रखने के लिए मजबूर कर दिया। इस प्रकार शासन के अधिकारियों द्वारा किया गया यह कार्य सही नही है । इससे शासन की तानाशाही और मंशा को अच्छे से समझा जा सकता है । व्यापारी व दुकानदारों के ऊपर किया गया कार्य कहा तक सही है। व्यापारी प्रशासन के इस प्रकार के कृत्य से बहुत परेशान और असहाय महसूस कर रहे है क्योंकि यही उनके रोजी रोटी का एक मात्र साधन था । शासन के इस प्रकार के रवैए से सभी बहुत ज्यादा हताश और निराश है उनको अपने समान को सड़क में रखने पे मजबूर कर दिया है। कोर्रा में कुल पांच दुकानों के ऊपर बुलडोजर चलाया गया है। जिसमे गांव के सरपंच,पंच एवं शासन के उच्च अधिकारी इसके पक्ष धर रहे। दुकानदारों के रोजी रोटी के लाले पड़ गए है।

**समाचार संक्षेप**

### धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी एवं मातृ-पितृ दिवस



**कोंटा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व भारतीय इंस्टीट्यूट कोंटा में बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ दिवास बड़े ही हर्ष उल्लास से बनाया गया। इस दौरान छात्रों ने कार्यक्रम आयोजित करते हुए माँ सोसायटी के बुजुर्ग लोगो को बुलाकर उनका सम्मान शाल ओढ़ाकर नारियल देकर उनका सम्मान किया गया। वही कालेज के छात्रों ने उनको भोजन करवाया। वही संस्था में आए मां सोसाइटी के लोगो ने सम्मान पा कर उनकी आंखे नम हुए और उन्होंने अपना आर्शीवाद संस्था और संस्था के बच्चो एवं स्टाफको दिया इस दौरान संस्था के प्राचार्य ने सरिता देशमुख ने कहा कि आज मातृ पितृ दिवास के उपलक्ष पर बच्चो एवं शिक्षको के द्वारा एक छोटा सा कार्यक्रम किया गया। जिसमे मां सोसाइटी के बुजुर्ग लोगो को सम्मान किया गया है। और हर वर्ष ऐसी कार्यक्रम को हमारी संस्था आयोजित करती है और आगे भी करेगी इस दौरान प्राचार्य ने कहा छोटी सी पहल के लिए सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षको का अभार व्यक्त किया गया। इस दौरान शनावाज खान, प्राचार्य सरिता देशमुख, शिक्षक प्रमिला कश्यप, शिक्षक जीवन साहू, शिक्षक डालिम पटेल एवं इंस्टीट्यूट के बच्चें एवं मां सोसाइटी के लोग मौजूद रहे।

### 253 बच्चों की ज़िंदगी में आई रौशनी



**कोंटा, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** AM/NS के सहयोग से स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल और पोटाकेबिन कटेकल्यान ब्लॉक धनिकरका में बालज्योति नेत्र जांच शिविर के तहत् 6300 छात्रों को नेत्र जांच शिविर में शामिल किया गया। जिसमें से 253 विद्यार्थियों को चिन्हित कर सुश्री राधिका पोडियाम- (अध्यक्ष जनपद पंचायत) सुश्री सोमादी मरकाम-(सरपंच धनिकरका), कमलू मरकाम-(उपसरपंच धनिकरका) द्वारा चश्मे का वितरण किया गया। इस शिविर में रावटे- (ABEO कटेकल्याण) और AM/NS-CSR प्रतिनिधि उपस्थित रहें। AM/NS के सहयोग से आयोजित इस प्रकार के जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बच्चों के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार एवं शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, मनोरंजन और खेलों के द्वारा सामाजिक सहायता जैसे विभिन्न पहलुओं पर लोगों का ध्यान केंद्रित करना है। जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ, जागरूक और विकसित समाज का निर्माण हो सके।

### तीन दिव्यांगों को मिली बैटरी चलित ट्रायसिकिल




**उत्तर बस्तर/कांकेर, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तीन दिव्यांगजनों को गुरूवार 15 फरवरी को कार्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नि:शुल्क बैटरी चलित ट्रायसिकिल प्रदाय की गई। हितग्राहियों में नेहरू कुंजाम, नरेन्द्र कुंजाम एवं मनोज कुमार वट्टी 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग शामिल थे। वहीं दिव्यांगजनों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग को छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड साइकिल प्रदाय की जाती है। इसके लिए आवेदक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन समाज कल्याण विभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, सदस्य ईश्वर कावड़े, सभापति महेश जैन और संजय सिन्हा सहित समाज कल्याण विभाग की उप संचालक उपस्थित थीं।

### कलेक्टर ने एसएलआरएम सेंटर की गतिविधियों का किया निरीक्षण

# सेंटर की व्यवस्था में हुए सुधार को और बेहतर करने को कहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर विजय दयाराम के. शुक्रवार को शहर के लालबाग, अवंतिका कालोनी स्थित एसएलआरएम सेंटर की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा पूर्व निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश पर सेंटर में किए क्रियान्वयन का जायजा लिया। सेंटर की व्यवस्थाओं में हुए सुधार को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह द्वारा घरों से कचरा एकत्र करने के दौरान रहवासियों से गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग देने पर जोर देने कहा।

कलेक्टर ने एसएलआरएम सेंटरों से सूखा कचरा, सिंगल उपयोग प्लास्टिक, थर्माकोल, शू-मटेरियल, टायर आदि को गाड़ियों के माध्यम से उठाव करवाकर एमआरएफ सेंटर (समृद्धि) भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेंटरों से रूटीन में वाहनों से सामग्रियों का उठाव करवाने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत 5 निर्माण कार्यों के लिए 71 लाख रुपए की स्वीकृति

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत सांसद बस्तर संसदीय क्षेत्र दीपक बैज की अनुशंसा तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तकनीकी स्वीकृति के आधार पर कलेक्टर विजय दयाराम के.द्वारा जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत 05 निर्माण कार्यों के लिए 70 लाख 98 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत ग्राम पंचायत गढ़िया अंतर्गत मारीगुड़ा से पारापुर तक सड़क उन्नयन कार्य हेतु 15 लाख रुपए एवं मारीगुड़ा से कोकड़ीगुड़ा तक सड़क उन्नयन कार्य हेतु 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बड़ांजी-02 के अंतर्गत कामरान तरई से बच्चूराम घर तक पहुंच मार्ग उन्नयन कार्य के लिए 15 लाख रुपए, दाबपाल मुख्यमार्ग से झकाड़ी लाड़ी पहुंच मार्ग उन्नयन कार्य हेतु 19 लाख 98 हजार रुपए और बड़ांजी में लालो घर से सोमारू घर तक सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के लिए 06 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा की ओर से सम्बंधित ग्राम पंचायतों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। इन सभी निर्माण कार्यों को योजना के मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का परिपालन कर आगामी 31 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश सम्बन्धित क्रियान्वयन एजेंसीज को दिए गए हैं।

## एक नजर

### राशनकार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धारित

**बीजापुर 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित समस्त राशनकार्डो के नवीनीकरण हेतु 15 फरवरी 2024 निर्धारित की गई थी। इस संबंध प्राप्त नवीन निर्देश है कि राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2024 तक निर्धारित है। समस्त ग्राम पंचायत सचिव पंचायत स्तर पर तथा नगरपालिका कर्मचारी कार्ड एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर शेष राशनकार्डधारियों के आवेदन प्राप्त कर नवीनीकरण करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करे। ऐसे राशनकार्ड जिसमें आधार सीडींग नही हुआ है उसमें ग्राम पंचायत सचिव/सरपंच/वार्ड पार्षद पदमुद्रा सहित हस्ताक्षर कर प्रमाणित करेंगे। जिसे राजस्व अधिकारी भी प्रति हस्ताक्षर करेंगे जिसका उपयोग आधार हेतु पीओआई के रुप में किया जा सकेगा।

### पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 18 फरवरी।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अुनसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी 26 मार्च 2024 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 तथा डिसबुरस करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है।

### परसदा में पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ 18 एवं 19 फरवरी को

**राजिम 18 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम परसदा में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य सूक्ष्म संरक्षण में पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ भव्य दीप महायज्ञ एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 18 एवं 19 फरवरी को भाटापारा बाजार चौक परसदा में रखा गया है.प्रज्ञा मंडल परसदा के वरिष्ठ सदस्य पूरन लाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर 18 जनवरी रविवार को दोपहर 2:00 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा एवं रात्रि 6 से 8:00 बजे दीप महायज्ञ कार्यक्रम होगा.वही 19 फरवरी सोमवार को प्रातः 6:00 से 7:00. सामूहिक ध्यान साधना,योग प्राणायाम,प्रातः 9 से 1:00 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार पूर्णाहुति कार्यक्रम तथा विदाई सम्मान कार्यक्रम होगा. उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से यशवंत वर्मा,ठाकुर राम साहू, रामखिलावन साहू, नेमीचंद साहू, भोलाराम वर्मा, धनऊ ध्रुवंशी, सुखेन साहू, उमेश्वरी साहू, सीमा वर्मा, मीना साहू ,टीकाराम साहू डेरहा राम साहू,धनंजय साहू प्रवीण वर्मा द्वारिका साहू,जयंत साहू, आशा राम साहू, प्रीत राम साहू,रवि साहू,गायत्री मंडल, प्रज्ञा मंडल एवं युवा मंडल के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों का अफसरों ने किया अवलोकन



**राजिम 18 फरवरी।** जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में प्रतिवर्ष लगने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 08 मार्च तक किया जायेगा। इसके लिए मेला स्थल पर तैयारी तीव्र गति से शुरू हो गई है। मेला के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला एवं कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज मेला स्थल पहुंचकर जिला स्तरीय नियुक्त नोडल/प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक लेकर मेला संबंधी प्रगतिरत अद्यतन कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल के कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि पर पूर्ण करे। मेला स्थल पर स्थानीय व्यवसायियों को दुकान आबंटन करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, राजिम एसडीएम धनजंय नेताम, एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक, सीईओ गरियाबंद श्रीमती पदमिनी हरदेल, सीएमओ सलामे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### चुनावी इलेक्टोरल बांड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिकः राशि

**महासमुंद 18 फरवरी।** नगर पालिका अध्यक्ष व महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव राशि त्रिभुवन महिलांग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी फंडिंग पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा 2 जनवरी 2018 को अधिसूचित किया गया था चुनावी इलेक्टोरल बांड को भारत के किसी भी नागरिक या देश में स्थापित इकाई की ओर से चुनावी बांड खरीदा जा सकता है। चुनावी बांड योजना की वैधता के खिलाफ देशभर से दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेपी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले पर सर्वसम्मति से चुनावी इलेक्टोरल बांड योजना पर रोक लगाने का फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि देश की राजनीतिक पार्टियों को कहां-कहां से चुनाव में चुनावी फंडिंग हो रही है इसकी जानकारी देश की जनता को आवश्यक रूप से होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में एसबीआई बैंक को 2019 से अब तक चुनावी बांड की पूरी जानकारी देने का आदेश दिया है। जनप्रतिनिधित्व अनिनियम 1951 की धारा 29 ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों द्वारा वर्ष 2023-2024 के ऑडिट रिपोर्ट में प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनावी बांड की बिक्री के जरिए जुटाई गई कुल राशि 16,518 11 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

# सिरपुर महोत्सव की तैयारी जोरों पर,पहली बार होगी महानदी आरती

## इंडियन आइडल फेम और लेजर शो होगा मुख्य आकर्षण, कलेक्टर ने सिरपुर पहुंच कर लिया तैयारियों का जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 18 फरवरी।** ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर प्रभात मलिक शनिवार शाम महोत्सव के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों का पुनः जायजा लिया। उन्होंने सिरपुर अंतर्गत विभिन्न स्थलों का मुआयना करते हुए सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने तीन दिवसीय महोत्सव में साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मंच तक पहुंचने के लिए पर्याप्त जगह छोड़ने तथा व्यवस्थित बाजार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि महोत्सव के दौरान सिरपुर सहित स्थानीय व्यवसायियों को दुकान आवंटन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इस महोत्सव में स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है। राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं इंडियन आइडल फेम अभिजीत सांवत द्वारा भी प्रतुति देने की संभावना है। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती होगी, इसके लिए भी तैयारी निर्देश दिए गए हैं। विभिन स्थलों में स्वागत गेट भी लगाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। कलेक्टर ने महोत्सव स्थल में स्थाई रूप से बाजार शेड और अन्य विकास कार्यों के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं के स्नान के लिए कुंड भी बनाया जाएगा। उन्हेंने सड़कों में लगी स्ट्रीट लाइट में लाइटिंग करने के निर्देश दिए हैं। महोत्सव परिसर के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत करने कहा गया। इस मौके पर एसडीएम महासमुंद उमेश साहू, लोक निर्माण के ईई चंद्राकर, आरईएस सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अच्छी शिक्षा विकसित समाज का निर्माण करती है:कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 फरवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय के अधीक्षक, मंडल संयोजको की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा देना एक पुण्य कार्य है और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी मिली है इसे केवल नौकरी न समझे नन्हे नौनिहालों का देखभाल करना एक महान कार्य है इसे पूरी संवेदनशीलता के साथ सेवा और समर्पण भाव से करे। आप उनके अभिभावक से बढ़कर हो उनके माता-पिता से ज्यादा समय वह आपके सानिध्य में रहते है इसलिए उनकी बेहतर शिक्षा उनका स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहे। बेहतर शिक्षा का मतलब केवल बेहतर परीक्षा परिणाम ही नही है उनके अलावा नैतिक रुप से सम्पन्न और समृद्ध बनाना है और एक उन्नतिशील समाज का निर्माण करना है। बच्चों में नैतिकता का गुण होने से सभ्य समाज का निर्माण होगा। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को संबोधित करते हुए एजेंडावार बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए समीक्षा किया। जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन आयोजित करने ताकि भूतपूर्व छात्र-छात्राएं आपसे जुड़े रहे और आवासीय स्कूलों के बच्चों को छात्रावास, आश्रम की विशेषताओं को बताएं उन्हें अच्छी शिक्षा के मार्गदर्शन एवं प्रेरित कर सके।

मीनू का पालन कड़ाई से करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक संस्था में मीनू चार्ट प्रदर्शित होगा। दिन-तिथिवार भोजन की जानकारी और कलेक्टर का मोबाईल नंबर रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की मीनू से संबंधित शिकायत होने पर मुझे व्यक्तिगत नाम गोपनीय रहेगा। शौचालय और स्नानागार में नियमित साफ-सफाई एवं दुर्गंध मुक्त हो, पानी की पर्याप्त निकासी हो, रनिंग वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित हो। सभी भवनों में विद्युतीकरण, दिवारों पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रदर्शन, देश के राष्ट्पति, प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का फोटो अनिवार्य रुप से लगाने, किचन गार्डन और बागवानी का निर्माण करने, नियमित रुप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने, परिसर को साफ-सुधरा रखने, मच्छरदानी का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने, बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सर्तक रहने के निर्देश दिए।

बोर्ड परीक्षा के समय बच्चों को तनावमुक्त रखने के निर्देश दिए है। परीक्षा परिणाम के बाद इस वर्ष की व्यापक रुप से समर कैंप का अयोजन के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने आवासीय विद्यालयों में बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। अधिक से अधिक बच्चों का चयन कराने पर जोर दिया। बच्चों की प्रतिभा को निखारने उनके विचार अभिव्यक्ति के कौशल को बढ़ाने प्रत्येक शनिवार को बाल संसद आयोजित कर विभिन्न गतिविधियों में बच्चों को शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम, जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन श्री विजेन्द्र राठौर समस्त बीईओ, एबीईओ, मंडल संयोजक एवं अधीक्षकगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### माओवादी ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर 18 फरवरी।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर 1. भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत कंपनी नम्बर 02 पीपीसीएम - बुधराम कड़ती ऊर्फ सुखराम पिता स्व0 आयतु कड़ती उम्र 25 वर्ष निवासी पीटेपाल चिन्नापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, 2. गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत हिरमागुण्डा आरपीसी सदस्य - सुखराम पूनेम पिता मंगू पूनेम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव थाना गंगालूर, 3.हिरमागुण्डा आरपीसी मिलिशिया ÷ए÷ सेक्शन कमाण्डर -सुक्कू पूनेम पिता आयतू पूनेम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव गायतापारा थाना गंगालूर, 4. ग्राम कांवड़गांव भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर - जोगा पूनेम पिता मंगू पूनेम उम्र 25 वर्ष्ज्ञ जाति मुरिया निवासी कावंड़गांव थाना गंगालूर, 5. कांवड़गांव भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर -भीमा माड़वी ऊर्फ जीरा पिता जोगा माड़वी उम्र 29 वर्ष् जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव थाना गंगालूर जिला बीजापुर , 6. हिरमागुण्डा आरपीसी जीपीसी सदस्य -बुधरमा पूनेम पिता रघु पूनेम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव पटेलपारा थाना गंगालूर, 7. हिरमागुण्डा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य - कुम्मा पोटाम पिता लक्खू पोटाम उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव गायतापारा थाना गंगालूर, 8. हिरामागुण्डा आरपीसी सदस्य सुक्कू तामो पिता सन्नू तामो उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवड़गांव तामोपारा थाना गंगालूर द्वारा आज दिनांक 17/02/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी बटालियन केरिपु श्री व्ही0तुसिंग, द्वितीय कमान अधिकारी श्री रितेश कुमार केरिपु 85 बटालियन, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।


### डीबीटी खाता और आधार बनवाने शिविर में उमड़ी भीड़



**बीजापुर 18 फरवरी।** शासन की हितग्राही-मूलक योजनाओं में आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू है। जिसमें हितग्राही के आधार लिंक खाते में योजना की राशि सीधे प्राप्त होती है। जिले में शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले पात्र हितग्राही वंचित ना रहे इसके लिए पंचायत वार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत नैमेड़, गोल्लागुडा, चेरपल्ली , मंगलनार शनिवार को चेरपाल, ईटपाल, वरदली, नेलसनार,गुदमा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इन सेक्टरों में आने वाली ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों का खाता और आधार बनाया गया , शिविर में हितग्राहियों को भीड़ उमड़ रही है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आवापल्ली, गोल्लागुड़ा शिविर का निरीक्षण किया कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा श्री अनुराग पाण्डेय ने ग्राम पंचायत वार 16 से 19 तक शिविर लगाने निर्देश दिए हैं। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों को योजनांतर्गत आधार विहिन व खाता विहिन हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उपस्थित करायेंगे। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत खाता विहीन श्रमिकों का खाता खोला जा रहा है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने बताया कि जिला अग्रिणी बैंक अधिकारी से प्राप्त सूची के आधार पर 19 फरवरी को गंगालूर चन्दूर , मद्देड़, कोडोली में शिविर लगाया जावेगा। जिसमें इन सेक्टर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के खाते और आधार बनाये जायेंगे।

### परसदा विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय एस एम सी प्रशिक्षण

**राजिम 18 फरवरी।** शाला प्रबंधन समिति को सक्रिय करने के उद्देश्य से एस एम सी प्रशिक्षण के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है जिसके अंतर्गत हायर सेकंडरी विद्या मंदिर परसदा में आमदी,खट्टी व परसदा के सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के एक एस एम सी सदस्य व एक शिक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया. इस अवसर पर संकुल समन्वयक बुद्धेश्वर बघेल ने बताया कि इस कार्यक्रम से शाला प्रबंधन समिति की सक्रियता बढ़ेगी एवं विद्यालय स्तर पर उनकी भागीदारी बढ़ेगी।प्रशिक्षक उमेश साहू द्वारा सदस्यों व शिक्षकों को अपनी प्रमुख जिम्मेदरियो से अवगत करवाया गया।वहीं खेल शिक्षक बी आर साहू ने समुदाय की सहभागिता के लिए आह्वान किया।प्राचार्य कल्पना तिवारी द्वारा प्रत्येक विद्यालय की सूक्ष्म मॉनिटरिंग व पालक शिक्षक बैठकों के आयोजन के लिए प्रमुखता से मार्गदर्शन किया।



# एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए प्रधानमंत्री के नाम किसानों ने सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 18 फरवरी।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन एवं अंशकालिक स्कूल कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक राजिम में प्रदर्शन कर तहसीलदार राजिम रूपेश मरकाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बीते दो साल पूर्व कृषि सुधार के नाम पर लाये गए कृषि, किसान और आम उपभोक्ता विरोधी कॉरपोरेट हितैषी कानूनों के खिलाफ देश के किसान दिल्ली सीमाओं पर 13 महीने तक आंदोलनरत रहे तथा केन्द्र सरकार की लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन से वापस हुए थे जिसमें 750 से ज्यादा किसानों ने अपनी प्राणों की आहुति दी थी। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी किसानों की मांगों के ऊपर केन्द्र सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं किया।

कॉरपोरेट कंपनियों के हित में श्रम कानूनों में बड़ी बदलाव कर चार श्रम सहिंता बनाया जो घोर मजदूर विरोधी है जिससे मजदूर सुरक्षित व स्थायी रोजगार से वंचित हो रहे हैं इसे रद्द करने की मांग देश के मजदूर संगठनों द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में अंशकालिक एवं अनियमित कर्मचारियों को स्थायी किया जाना अति आवश्यक है क्योंकि सभी विभागीय कार्यालयों में नियमित कर्मचारियों का अभाव बना हुआ है। किसानों को कर्ज मुक्त बनाने के लिए डॉ एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सिफारिशों के अनुसार न्यूनतम समर्थन घोषित करने व खरीद की कानूनी गारंटी देने से स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का सम्मान और भी बढ़ जाता। विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा मोदी गारंटी के नाम पर चुनाव लड़ा और बड़ी राज्यों में जीतकर आये। इसका तात्पर्य है कि राज्यों के शासन को भी मोदी गारंटी के आधार पर ही संचालित किया जा रहा है जबकि प्रधानमंत्री पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए इसे राज्यों तक सीमित न रखकर देश की जनता को गारंटी देनी चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर आज 16 फरवरी 2024 को पं. सुन्दरलाल शर्मा चौक राजिम में हम अपना विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संयुक्त किसान मोर्चा व संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच की मांगों के साथ साथ निम्नलिखित मांगो को पूरा करने का अनुरोध किया है 1 स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दो। 2. मजदूरों को कॉरपोरेट कंपनियों की गुलाम बनाने वाली चार श्रम सहिंता वापस लो। 3. कोयला उत्खनन के लिए हसदेव अरण्य का विनाश करना बंद करो। 4. जल, जंगल, जमीन से आदिवासियों की बेदखली पर रोक लगाओ। 5. माओवाद के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की प्रताड़ना बंद हो। 6. छत्तीसगढ़ में गेल इंडिया पाईप लाईन के प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। 7. अंशकालिक एवं अनियमित कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। 8. ईवीएम मशीन से चुनाव पर विविपेट पर्ची की गिनती अनिवार्य किया जाए। आंदोलनकारियों ने आशा व्यक्त किया है कि इसे केवल हरियाणा या पंजाब के ही किसानों का आंदोलन अथवा असमाजिक तत्वों का आंदोलन न मानकर देश की अन्नदाताओं एवं श्रमिकों की पुकार मानकर मांगो को पूरा किया जाए। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव तेजराम विद्रोही, गरियाबंद जिला संयोजक मदनलाल साहू, अभनपुर ब्लॉक संयोजक धनेश्वरी डांडे, अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी खेमुराम आडिल, राजा ठाकुर, मोहन चक्रधारी, ललित कुमार साहू, मूलचंद साहू, रेखुराम साहू, नंदू ध्रुव, भुनुराम साहू, मनोज कुमार साहू आदि सम्मिलित रहे।



### स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**राजिम 18 फरवरी।** जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान शुरू की गई। इसी तारतम्य में जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया .इस अवसर पर बुद्धविलास सिंह ने स्वीप कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवक युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही उन्होंने मृत व पलायन कर चुके लोगों का नाम विलोपित करने की बात कही।

## ऋण पुस्तिका मिलने से मनीराम का चेहरा खिला, जिला स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया

# गंगालूर के लच्छू हेमला को शिविर में मिला बच्चों का जाति प्रमाणपत्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 फरवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के संवेदनशील पहल एवं दिशा-निर्देश में जिला कार्यालय परिसर से जिला स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिले के सुदूर एवं दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने सभी प्रकार के दस्तावेज सफलतापूर्वक उन तक पहुंचाने हेतु संवदेनशील पहल की जा रही है। इसी क्रम में किसानों, ग्रामीणों, विद्यार्थियों को उनके राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को उपलब्ध कराने जिला स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन जिला कार्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। कलेक्टर ने ग्रामीणों, हितग्राहियों से उनके समस्याओं एवं मांगो के संबंध में आवश्यक चर्चा किया। इसी दौरान गंगालूर के लच्छू हेमला ने बताया कि उनके दो बेटियों का शिविर के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बन गया है। कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के बारे में बताया कि पढ़ाई के दौरान छात्रवृत्ति. उच्चतर कक्षाओं में प्रवेश एवं नौकरी सहित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आवश्यक है। इसी तरह फौती नामांतरण,ऋष्ठा पुस्तिका, प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया गया। शिविर में बीजापुर निवासी मनीराम राणा को उनके जमीन का नवीन ऋष्ठा पुस्तिका मिला। मनीराम ने शिविर को बहुत फायदेमंद बताते हुए कहा कि बहुत पहले से ही मेरा ऋष्ठा पुस्तिका को दीमक लग गया था। कार्यालय के चक्कर काटना पडेगा करके मैने ऋष्ठा पुस्तिका का आवेदन नही किया लेकिन शिविर का आयोजन होने की जानकारी मिली और शिविर के माध्यम से मुझे त्वरित नवीन ऋष्ठा पुस्तिका प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन के इस संवेदनशील पहल के लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा। शिविर में जिला प्रशासन की पूरी टीम ने बेहतर समन्वय स्थापित कर लोगों के समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नरेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, तहसीलदार बीजापुर श्री दुकालू राम ध्रुव सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार , राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।

# तकनीकी सहयोग और प्रोत्साहन से निर्माण कार्य में लाएं तेजी : कलेक्टर

## पीएम आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए 54 अभियंता देंगे तकनीकी सहयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 फरवरी।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामणी) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार ने विभिन्न विभगो के सहायक अभियंता सहित 54 उप अभियंताओं को अलग अलग ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी दी है। कलेक्टर कुमार ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अभियंताओं की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण के लिए फरवरी से जून तक सबसे उपयुक्त समय है। इस अवधि में सभी स्वीकृत आवास का निर्माण पूरा करना है। आवास निर्माण के लिए अभियंता जरूरी तकनीकी सहयोग के साथ ही हितग्रहियों को निर्माण के लिए प्रोत्साहित भी करें। जो हितग्रही बड़ा मकान बनना चाहते है उन्हें पहले पीएम आवास पूरा करने के बाद विस्तार करने की समझाईश दें। उन्होंने कहा कि हितग्रहियों को यह भी बताएं कि निर्माण में मनरेगा अन्तर्गत मजदूरी का भी भुगतान किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अभियंता सम्बंधित ग्राम पंचायतों में



जाकर हितग्रहियों से आवास निर्माण के समंबन्ध में जानकारी लें और जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण करते हुए आवास निर्माण शुरू कराएं। आवास निर्माण के लिए सामग्री, मिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट इत्यादि की समस्या होने पर तत्काल जिला पंचायत को सूचित करें। बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 45 हजार 373 आवास स्वीकृत हुआ है जिसमे से अब तक 39 हजार 245 आवासों का निर्माण हुआ पूर्ण हो गया है। अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 1841, भाटापारा में 454, कसडोल में 2741, पलारी में 925 तथा जनपद पंचायत सिमगा में 167 आवासों का निर्माण जांरी है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अध्ययनरत (छ.ग. के निवासी) जो किसी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि में अध्ययनरत हों जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है, ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 मार्च 2024 तक कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑननलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाइन वेबसाईट एचटीटीपी स्लेस पोस्टमैट्रिक डेस स्कालरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन या नवीनकरण) 19 फरवरी से 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत् बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के निवासी विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) 15 मार्च से 26 मार्च 2024 तक किया जा सकता है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 19 फरवरी से 28 मार्च 2024 तक तथा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 19 फरवरी से 30 मार्च 2024 तक एवं भुगतान करने हेतु 31 मार्च 2024 तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। डॉफ्ट प्रपोजल लॉक अथवा सैंक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नही किया जाएगा। निर्धारित तिथि पर कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

### पत्नी पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 18 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 16 फरवरी को प्रकरण प्रार्थी भगवती बंजारे निवासी शिकारी केशली दोपहर करीबन 03:30 बजे रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बेटी कुती घृतलहरे जो शादी होकर ग्राम गातापार गई थी दामाद नरेन्द्र धृतलहरे निवासी गातापार द्वारा मारपीट कर झगडा करने से घर ग्राम शिकारी केशली लाया था कि आज दिनांक को दामाद नरेन्द्र घृतलहरे घर आकर मेरी बेटी को मेरे साथ नहीं जा रही है कहकर अश्लील गंदी गंदी गालियां देकर अपने कमर में छिपाकर रखे चाकू को निकालकर जान से खतम कर दूंगा कहकर कुती घृतलहरे के उपर प्राणघातक हमला कर उसके गला, छाती के उपर तथा, दाहिना गाल, दाहिना हाथ के उंगली में चाकू से मारकर चोट पहुंचाया है जिससे बेटी कुंती घृतलहरे का काफी खुन बहा है, और दामाद मारपीट कर चाकू को घर में ही फेंक कर भाग गया है कि रिपोर्ट पर आरोपी नरेंन्द्र धृतलहरे निवासी गातापार थाना पलारी के विरूध्द अपराध क्रमांक 69/2024 धारा 294, 506, 307 भा.द.वि. पंजीबध्द कर घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा सदानंद कुमार को अवगत कराने पर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधी नाग के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर आरोपी के मिलने के संभावित पता सकुनत ग्राम गातापार में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के समस्त दवा विक्रेताओं एवं ड्रग यूनियन पदाधिकारियों की ली बैठक

# प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां बेचते पाए जाने पर दुकान संचालक पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

- नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सिरजन के तहत आयोजित की गई मेडिकल संचालकों की बैठक
- नशीली दवाइयां की तस्करी रोकने, प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री आदि को रोकने के संबंध में की गई चर्चा
- बिना डाक्टरी पर्ची के नाबालिगों, असामाजिक तत्वों को दवाइयां, सिरप आदि न दिया जाए, इस संबंध में किया गया निर्देशित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध अभियान सिरजन प्रारंभ किया गया है, जिसके तारतम्य में प्रतिदिन नशे के अवैध कार्य में लिप्त अपराधिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। आजकल नाबालिक एवं युवा वर्ग धूम्रपान, सिगरेट आदि छोड़कर नशीली दवाइयां का सेवन कर रहे हैं, इसके साथ ही बिना डाक्टरी पर्ची के नहीं दिए जाने वाले टैबलेट अथवा कप सिरप का भी सेवन सूखे नशे के लिए उपयोग किया जा रहा है। इन बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों की धरपकड़ करना अत्यंत आवश्यक था। इसके लिए जिले के समस्त दवा विक्रेताओं का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सभी दवाइयां मेडिकल स्टोर में उपलब्ध रहती है। यदि मेडिकल स्टोर संचालक कड़ाई बरते एवं बिना डाक्टरी पर्ची के किसी को भी दवाई ना दें तो युवा वर्ग में इस प्रकार नशीली दवाइयां का सेवन पर एक प्रकार से ब्रेक लगाया जा सकता है।

उक्त बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए 15 फरवरी को प्रातः 11:00 से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अध्यक्षता में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों एवं ड्रग यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं अनुज कुमार के सांथ किशोर ठाकुर ड्रग इंस्पेक्टर भाटापारा/सिमगा/सुहेला क्षेत्र, रामबृजेश प्रजापति ड्रग इंस्पेक्टर कसडोल/गिधौरी क्षेत्र द्वारा नशीली दवाइयों की रोकथाम एवं प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री को रोकने के संबंध में उपस्थित सभी मेडिकल संचालकों, ड्रग यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान सभी मेडिकल संचालकों ने कहा कि सभी संचालक दवाई, बिक्री आदि के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां जिले के मेडिकल संचालकों द्वारा बिक्री नहीं की जाती है। सदानंद कुमार द्वारा उपस्थित मेडिकल संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि ऐसी दवाइयां या सिरप जिसे लोग सूखा नशे के रूप में इस्तेमाल कर सके, उन्हें बिना डाक्टरी पर्ची के ना दे। साथ ही इस प्रकार की दवाई लेने के लिए आने वाले असामाजिक अथवा अपराधिक तत्वों की पहचान कर, तत्काल पुलिस को सूचित करे, सूचना देने वाले मेडिकल संचालक का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री करने वाले मेडिकल संचालक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान बैठक में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ड्रग यूनियन सचिव मनीष शर्मा सहित 55 की संख्या में भाटापारा, सिमगा, सुहेला, बलौदाबाजार, लवन, कसडोल, कटगी, हिरमी आदि स्थानों में मेडिकल दुकानों के संचालक शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### अलग-अलग मामले में तीन शराब कोचिए और एक वारंटी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरिश यादव एवं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अमित तिवारी के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 16 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर. 143 अंजोर मांझी एवं प्र आर 225 देवेन्द्र देवांगन एवं पेट्रोलिंग स्टाफटीम द्वारा रिसदा बाई पास रोड में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 03 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से देशी मदिरा मशाला शराब क्रमशः 5.60-6.120 एवं 3.240 कुल 15.120 बल्की लीटर कीमत मूल्य 8140 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 121, 122/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं 123/24 धारा 34( ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही पूर्व में माननीय न्यायालय के द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंटिय पर तलाशी कार्यवाही करते हुए 1 नफ्र गिरफ्तारी वारंट तामील कर जेल भेजने की प्रक्रिया किया गया है। आरोपियों के नाम सुधेश सोनवानी पिता सुरेश सोनवानी उम्र 24 साल साकिन खम्हरिया यदु थाना सिटी कोतवाली ब बा, गोपी घृतलहरे पिता कृष्ण कुमार घृतलहरे उम्र 24 वर्ष सा. खम्हरिया (गातापार) थाना पलारी, सुरज टंडन पिता छोटू टंडन उम्र 23 वर्ष दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली ब बा है। गिरफ्तारी वारंटी का नाम करण बघेल ऊर्फभुखउ पिता उमेंदी बघेल उम्र 21 साल साकिन भैंसा पसरा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार है।

### केंन्द्रीय संयुक्त सचिव आरपी सिंह ने चिखलाकसा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फॅारेंसिक, केमिकल एवं फर्टिलाइजार विभाग भारत सरकार के संयुक्त सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह ने आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के नगर पंचायत चिखलाकसा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित हितग्राहियों से बातचीत कर केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। केन्द्रीय संयुक्त सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से शिविर में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों एवं उसके निराकरण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कर हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश भी दिए। शिविर में केन्द्रीय संयुक्त सचिव सिंह ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात् प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्मार्ट कार्ड तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत रसोई गैस कनेक्शन वितरण के अलावा शिशुवती माताओं को सुपोषण किट भी भेंट किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में ग्रामीणों का दी योजनाओं की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डौंडी, 18 फरवरी।** नगर पंचायत डोंडी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड नंबर 5 सांस्कृतिक भवन डोंडी मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम मे केंद्र प्रवर्तित सभी योजनाओं का जरुरतमंद नागरिकों को जानकारी एवं लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थान मे काउंटर लगाया गया था, जिसमे आम नागरिकों द्वारा हिस्सा लिया गया, इस कार्यक्रम के तहत पीएम स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड योजना, स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना एवं सभी केंद्र योजनाओं का काउंटर लगाकर जानकारी दिया गया, साथ ही साथ आवेदको द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन, रत्न भूषण वाहने, प्रदीप यादव, डोमन निषाद, संदीप यादव एवं समस्त जनप्रतिनिधि मनीष झा मण्डल अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रुपेश नायक, बलिराम धनकर, ममता जैन निकाय के पार्षद, कार्यकर्ता एवं निकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 18 फरवरी।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं निधि नाग एसडीओपी बलोदाबाजा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंहके निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 16 फरवरी को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक 888 लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आरक्षक त्रिलोकी बघेल राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम टीपावान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ? 4620 कीमत मूल्य का 7.56 पाव/लीटर (शराब की मात्रा) देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 110/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

# सीमांकन कार्य को प्राथमिकता से करें पूर्णः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 18 फरवरी।** राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। उन्होंने राजस्व निरीक्षक मंडल और तहसील स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। साथ ही आवेदनों में जाति प्रमाण पत्र, बी -1 अभिलेख दुरुस्तीकरण के कार्यों के प्रकरणों का निराकरण पर जोर दिया। कुमार ने कहा कि राजस्व के मैदानी अमला वर्तमान में फसल कटाई होने के बाद सीमांकन कार्य को प्राथमिकता से शत-प्रतिशत करें। साथ ही नक्शा नवीनीकरण के काम को भी पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को भी प्रोत्साहित कर राजस्व के प्रकरणों का बेहतर निराकरण करने के निर्देश दिए है। शिविर में अपर कलेक्टर बीसी एक्का के द्वारा राजस्व कार्य से पहुंचे ग्रामीणों को नक्शा और बी-1 की प्रति भी प्रदान किया। इस अवसर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडें, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों उपस्थित थे। उक्त आयोजित शिविर में 86 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 4 आवेदन का निराकरण किया गया, शेष का आवश्यक दस्तावेजों के साथ जल्द निराकृत किया जाएगा।

गौरतलब है की छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु 03 फ़रवरी को राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर, 10 फरवरी को तहसील स्तर पर और 17 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र 202402092100003 -अ/6(अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनाथ कंवर पिता श्री फकीर कंवर आयु 53 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम शिवपुरी, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व सामिलात खाते की भूमि ग्राम शिवपुरी प.ह.नं. 02 रा.नि.म. डोंगरगढ़ में कृषि भूमि खसरा कुल 08 कुल रकबा 2.8010 हे. भूमि स्थित है। आवेदक के समस्त दस्तावेजों में सही नाम लक्ष्मीनाथ पिता फकीर अंकित है जो सत्य एवं सही है। आवेदक का नाम राजस्व रिकार्ड में नाम लक्ष्मीनारायण पिता फ्कीर अंकित है जो गलत नाम दर्ज हो गया है। आवेदक अपना नाम राजस्व रिकार्ड में नाम लक्ष्मीनारायण के स्थान पर लक्ष्मीनाथ सुधार करना चाहता है। आवेदक द्वारा लक्ष्मीनारायण के स्थान पर लक्ष्मीनाथ का राजस्व रिकार्ड में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, नक्शा, खसरा, बी-1, आधारकार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाईसेन्स, ऋणपुस्तिका की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19/02/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क 202402092100004 -अ/6 (अ)-वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता पल्टन जाति सतनामी निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के नाम से ग्राम कातलवाही, प.ह.न 14 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 326 रकबा 1.7310 हे. भूमि स्थित है। जिसमें आवेदक द्वारा बोर उत्तखनन करवाया गया है। उक्त भूमि के खसरा नंबर में बोर उत्खनन दर्ज न होने के कारण मुझे शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। उक्त भूमि के खसरा नंबर में बोर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ बी-1, पी.2 एवं आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19/02/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401092100035**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

मुड़पार(प.ह.नं. 00031),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-लखन,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन वल्द बृजलाल जाति कुर्मी निवासी ग्राम मुड़पार पोस्ट मुरमुन्दा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मेरे एवं मेरे अन्य हिस्सेदार के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम मुड़पार प.ह.नं. 31 रा.नि.म. चौथना में स्थित खसरा नंबर 858 रकबा 0.154 हे. भूमि स्थित है। जो कि किसान किताब में भी यह खसरा नंबर दर्ज है, तथा मौके पर कब्जा भी है किन्तु पटवारी द्वारा भूलवश ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में खसरा नंबर 858 रकबा 0.154 हे. भूमि को किसी अन्य किसान देवकुंवर के नाम से दर्ज किया जा चुका है जबकि हमारे द्वारा आज दिनांक तक उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि को कभी भी बिक्री या किसी भी माध्यम से हस्तांतरित नही किया गया है तथा उक्त खसरा नंबर की भूमि हमारे पूर्वजों की संपत्ति है। अन्य व्यक्ति के नाम से उपरोक्त खसरा नंबर 858 को दर्ज करने के कारण मुझे काफी परेशानी हो रही है। वास्तविकता जांच कर देवकुंवर के नाम से दर्ज खसरा नंबर 858 को विलोपित कर हम तखनलाल एवं अन्य हिस्सेदार के नाम से उक्त खसरा नंबर 858 को किसान किताब के आधार पर ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.02.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202402211900006
ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम का नाम धनेली

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री परमेश्वर ध्रुव पिता श्री विष्णु ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम धनेली प.ह.नं. 26 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पिता विष्णु ध्रुव आत्मज श्री कमल कुमार ध्रुव माता का नाम श्रीमती रमौतिन ध्रुव की मृत्यु दिनांक 02.06.2009 (स्थान) ग्राम धनेली का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत धनेली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 23/02/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 23/02/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/02/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया छत्तीसगढ़

## एक नजर

### आचार्य विद्यासागर को सकल जैन समाज ने दी भावांजलि

**रायपुर, 18 फरवरी।** विश्ववंदनीय पूज्य आचार्य भगवंत विद्यासागर के छत्तीसगढ़ की पावन धरा डोंगरगढ़ में देवलोकगमन पर जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने भावांजलि अर्पित की है। आचार्य विद्यासागर का सम्पूर्ण जीवन आदर्श साधुचर्या की पराकाष्ठा है। आचार्य ने जैन दर्शन के साथ ही मानवता की सेवा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। जैन संवेदना ट्रस्ट , सकल जैन समाज आचार्य श्री को भावांजलि अर्पित करता है।

### बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 18 फरवरी।** आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र प्रसाद सिंह 58 वर्ष श्रीनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 1030 को रेलवे स्टेशन रोड स्थित आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 18 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नकली सामान बेचने वाले दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 18 फरवरी।** गोलबाजार पुलिस ने गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में दबिश देकर नेत्रिका कंपनी का नकली अंडर आर्मर उत्पाद जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफकार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपेश गुप्ता 31 वर्ष वेस्ट मुंबई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में उसकी कंपनी नेत्रिका ब्रांड का नकली अंडर आर्मर उत्पाद बेच रहा है। मामले में पुलिस ने दुकान में दबिश देकर ट्रेक पैंट 405 नग जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक मनोज मिश्रा के खिलाफकॉपी राइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आलमारी से चांदी की पायल पार

**रायपुर, 18 फरवरी।** धनगर मोहल्ला में अज्ञात चोर घर के दीवाल फांदकर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मीनारायण धनगर 43 वर्ष धनगर मोहल्ला टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर दीवाल फांदकर कमरे में प्रवेश किया और आलमारी में रखे चांदी का पायल कीमती 8 हजार रुपए चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 27 पकड़ाए

**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक साहू 20 वर्ष, गजेंद्र पटेल 28 वर्ष, कार्तिक यादव 25 वर्ष व धर्मेन्द्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी ताराचंद साहू 48 वर्ष, राजेश बावनखडे 47 वर्ष, रितेश भौतिक 26 वर्ष, थानेश्वर साहू 31 वर्ष, श्याम सेंडे 48 वर्ष व तेजराम साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी अंकीत शर्मा 36 वर्ष, हेमंत नाग 34 वर्ष, खिलेश कुमार चक्रधारी 23 वर्ष व विवेक ताम्रकर 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद कोल 24 वर्ष व विपिन गुप्ता 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सेमसंग सिंह 38 वर्ष, दिनदयाल पटेल 28 वर्ष व नितिन तिवारी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी तिलक वर्मा 37 वर्ष, लोकनाथ वर्मा 32 वर्ष, अमर सिंग 30 वर्ष व उमेश सिन्हा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दीपक यादव 23 वर्ष, गेंदलाल साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी साहिल बारले 22 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी अब्बास खान 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### शराब बेचते 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक, 98 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 950 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम सेरीखेड़ी में अवैध शराब बेचते आरोपी नरेश यादव 48 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तहर विधानसभा पुलिस ने शराब दुकान मांढर के पास अवैध शराब बेचते आरोपी चैतराम साहू 41 वर्ष, इंदरचंद लहरी 48 वर्ष व जय प्रकाश सोनवानी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से एक बाइक, 70 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 530 रुपए जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी संदीप दुबे 33 वर्ष के पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# मतलबी दुनिया के लोग खड़े हैं हाथों में पत्थर लेकर मैं कहाँ तक भागूं शीशे का मुकद्दर लेकर



लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हैं, हालांकि अब तक भारत निर्वाचन आयोग ने आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन संभावनाएं जताई जा रही हैं कि18वीं लोकसभा के लिए अप्रैल-मई में चुनाव हो सकते हैं।चुनाव आयोग के फरवरी के अंतिम या मार्च के पहले सप्ताह में इलेक्शन की तारीखों का ऐलान करने की उम्मीद है।मौजूदा लोस का कार्यकाल 16 जून 24 को समाप्त होने वाला है।पिछला लोस चुनाव अप्रैल-मई 2019 में हुआ था।तब भाजपा ने 303 सीटों पर जीतहासिल की थी, जबकि राष्ट्रीय जन तांत्रिक गठबंधन ने 353 सीटें जीती थीं और मोदी दूसरी बार पीएम बने थे।चुनाव आयोग ने अब तक चुनाव की तारीखों कोलेकर न तो कोई जानकारी दी, लेकिन माना जा रहा है कि 2024 में चुनाव 7 चरणों में हो सकता है।2019 में भी चुनाव 7 चरणों में पूरा हुआ था।संभावना जताई जा रही है कि पिछली बार की तरह ही इस बार भी अप्रैल में मतदान, मई में नतीजे आ सकते हैं, 2019 से 2024 के बीच विपक्ष का रूप बदल चुका है।इस दौरान एनडीए में शामिल कुछ दल इस बार एनडीएके खिलाफ खड़े नजर आएंगे इसके अलावा 2019 में अलग चुनाव लड़ने वाले दल भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं।इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आमआदमी पार्टी, द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम, शिवसेना (उद्धव गुट) शामिल हैं।हालांकि, इन दलों के बीच सीट बंटवारे से पहले ही फूट की खबरें सामने आ रही हैं।विपक्षी एकता के सूत्रधार माने जा रहे बिहार के सीएम नीतीश कुमार पहले ही एनडीए में चले गए हैं।वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, जबकि आम आदमी पार्टी भी पंजाब में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

### किसानों का आंदोलन फिर शुरू...

सडकों पर सीमेंट ब्लाक्स, कंटीले तारों की बाड़, कीलें, ड्रोन, टीयर गैस, लाठी- डंडों और आधुनिक असलहों से लैस पुलिसज्क्या किसी दूसरे मुल्क की सेना ने आक्रमण किया हैज्?मोदी सरकार के 10 सालों में किसानों ने कई बार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, लेकिन इस दूसरे कार्यकाल में तीन साल के भीतर दूसरी बार किसान सड़कों पर हैं, तो निश्चित ही सरकार की कृषि अर्थ व्यवस्था को लेकर समझ और किसानों के लिए संवेदनशीलता में कमी है।इस कमी को तभी दूर किया जा सकता है जब किसानों से खुलकर चर्चा करे।लेकिन इस बार भी आंदोलन से पहले किसान प्रतिनिधियों, केंद्र सरकार के नुमाइंदों के बीच बातचीत असफल रही है।एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज़ माफ़ी, भूमिअधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन, आंदोलन में मृत किसानों के परिजनों को मुआवजा, लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वालों को सजा और प्रभावित किसानों को न्याय, ऐसी महत्वपूर्ण मांगें सरकार के सामने किसानों ने रखी हैं।लेकिन न जाने किन कारणों से किसान हितैषी होने का दावा करने वाली मोदी सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करना चाहती।सरकार की कथनी करनी का इससे बेहतरीन उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। एक ओर चौधरी चरण सिंहऔर एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्नज., दूसरी ओर किसानों पर अत्याचार करके उनके विचारों का अपमान। पहले किसान आंदोलन के बाद भाजपा ने उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों के चुनाव जीत लिये, लेकिन क्या आम चुनावों से पहले खड़ा हुआ यह दूसरा आंदोलन भाजपा के प्रदर्शन को प्रभावित कर पाएगा!




### क्यों होते हैं लोग लापता...?

छत्तीसगढ़ से 33 माह में 48, 675 लोग लापता हुए हैं। हालांकि, पुलिस ने इसमें से 37, 813 को बरामद कर लिया है, 10, 862 लोग अब तक लापता हैं। यहां कहां और किस हालत में हैं, इसकी जानकारी न तो पुलिस को है और न ही स्वजन को।लोगों के लापता होने का सबसे बड़ा कारण घरवालों से नाराजगी होती है, ऐसे ज्यादातर मामलों में व्यक्ति कुछ दिन बाद घर लौट आते हैं।मानव तस्करी की भी आशंका बनी रहती है।नाबालिगों के गायब होने के मामलों में प्रेम-प्रसंग की संभावना रहती है।घरवालों के विरोध के डर से घर नाबालिग छोड़कर चले जाते हैं।महिला या किसी अन्य के लापता होने पर पुलिस गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर हर तरीके सेउनकी तलाश करती है।



### डिप्टी सीएम की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं...

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि सरकार में पार्टियों के गठबंधन या वरिष्ठ नेताओं को अधिक महत्व देने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जाती है।बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि, डिप्टी सीएम की नियुक्ति को असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता।डिप्टी सीएम राज्य सरकार में पहला, सबसे अहम मंत्री होता है।देश के 14 राज्यों में 26 डिप्टी सीएम हैं।अकेले आंध्र प्रदेश में 5 हैं।तो छ्ग में भी दो डिप्टी सीएम बनाए गये हैं।याचिकाकर्ता ने कहा था डिप्टी सीएम की नियुक्ति से जनता का कोई लेना-देना नहीं है और न ही इससे राज्य की जनता को कोई अतिरिक्त फायदा होता है।

### और अब बसज़

- » छत्तीसगढ़ में आईपीएस अफसरों की नियुक्ति में किसकी चली.. सरकार की या अफसरों कीज़?
- » छत्तीसगढ़ की एक राज्यसभा सीट के लिए भाजपा ने राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वे लैलूंगा से जिला पंचायत सदस्य हैं।

# चुनाव को लेकर कांग्रेस में भय का माहौल : केदार

**रायपुर, 18 फरवरी।।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी दल एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं. चुनावी तैयारियों को लेकर पीसीसी चीफदीपक बैज का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी भी लोकसभा चुनाव को लेकर मजबूती के साथ तैयारियां की जा रही हैं. प्रत्याशी चयन के लिए हमारी तीन-चार बैठकें हो गई हैं. इतना ही बीजेपी पर कांग्रेस नेताओं को फोन करने और पार्टी में शामिल करने का भी आरोप लगाया है. वहीं दीपक बैज के बयान पर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने कांग्रेस की चुनावी तैयारियों पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस ने राम का न्योता ठुकराया था. कांग्रेस भारतीय संस्कृति और परंपरा के विरुद्ध में है. कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि चुनाव नहीं लड़ेंगे. कांग्रेस में भय का वातावरण है. पीसीसी चीफदीपक बैज ने लोकसभा चुनाव को लेकर आगे कहा, सभी लोकसभा में कांग्रेस में पैनल बन गया है. जब भी दिल्ली में सीईसी की बैठक होगी तो अंतिम नाम दिया जाएगा. कांग्रेस के नेताओं के बीजेपी में शामिल होने को लेकर दीपक बैज ने कहा, बीजेपी दो-तीन तरह से काम कर रही है.

जिसके ऊपर केस हैं, उन पर दबाव बनाकर पार्टी में शामिल करने का काम कर रहे हैं. चाहे राज्य हो या केन्द्र में, कार्यकर्ताओं को लालच देने का काम बीजेपी कर रही है. छ्ग में ऐसा कोई पीसीसी पदाधिकारी नहीं बचा, जिसके पास फ़ोन नहीं गया है. प्रदेश प्रभारी के ऑफिस से भी फ़ोन गया है कि आप बीजेपी में शामिल हो जाइए. हम आपको निगम मंडल में एडजस्ट करेंगे. इस पर हम सभी सीनियर नेताओं के साथ बैठकर रणनीति बनाएंगे. वरिष्ठ नेता कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें पर दीपक बैज ने कहा, मध्यप्रदेश का मामला है. कमलनाथ ने कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया है. यह सभी बातें भ्रामक हैं.



वहीं दीपक बैज के बयान पर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस ने राष्ट्र के विकास, राष्ट्रवाद से मुंह मोड़ा है. अपराधियों को संरक्षण दिया है और भ्रष्टाचार किया है, इसलिए अब जनता इन्हें माफ नहीं करेगी. यह कांग्रेस नेता समझ गए है. दीपक बैज के नेता मंत्रियों को फोन कॉल जाता था इस आरोप पर पलटवार करते हुए केदार गुप्ता ने कहा, दीपक बैज को चुनाव में प्रभारी कुमारी शैलजा की चिंता करनी चाहिए थी. चुनाव के बाद उनके पदाधिकारी कह रहे थे कि धन भी लिया और बल का उपयोग नहीं किया और खास लोगों को बुलाकर रखते थे. अपने नेता और प्रभारी की चिंता करे कांग्रेस. एक वर्ग को तवज्जों दिया. ओम माथुर के नेतृत्व में बीजेपी ने कांग्रेस से सत्ता छीनी है. कांग्रेस डूबता जहाज है. अगर कांग्रेसी बीजेपी में आएंगे तो राष्ट्रवाद सीख जाएंगे.

# आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 18 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने आम रोड पर वाहनों को खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले 10 लोगों के खिलाफकार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार गंज पलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के पास ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 8016 के चालक सरुफराजूदीन 20 वर्ष, ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीएच 5622 के चालक अनुदीन 24 वर्ष, ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएम 2656 के चालक दिलीप वर्मा 32 वर्ष व ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीके 0923 के चालक गुरूवारू छूरा 42 वर्ष के खिलाफकार्रवाई की है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने रावाभाठा के शेरे पंजाब ढाबा के पास ट्रक क्रमांक एपी 39 वीई 3269 के चालक अप्पा राव, ट्रक क्रमांक एपी 39 यूएम 4537 के चालक मस्तान अली शेख, ट्रक क्रमांक एमएच 12 टीवी 6361 के चालक योगेश कुडकु व स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 बीएम 1738 के चालक वसीम खान के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं धरसींवा पुलिस ने दिलबाग ढाबा के सामने खड़े कंटेनर क्रमांक यूके 06 सीए 8115 के चालक एवं कबीरनगर पुलिस ने रिंग रोड 2 हीरापुर के पास खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 8445 के चालक मुकेश कुमार यादव 26 वर्ष के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी वाहन चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

### प्रदेश की नई औद्योगिक नीति कृषि व वनों पर होगी आधारित: उद्योग मंत्री

**रायपुर, 18 फरवरी।** इंडियन चैंम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स द्वारा वार्षिक ग्लोबल समिट का आयोजन गत दिवस शनिवार को नई दिल्ली के जनपद रोड स्थित डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम में किया गया। वार्षिक ग्लोबल समिट ग्रामीण इकोनामिक फोरम और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन प्रतिनिधि मंडल के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के किसानों को यदि हम आत्मनिर्भर बनाएंगे तो निश्चित रूप से हमको कृषि पर आधारित उद्योगों पर फोकस करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य एक कृषि आधारित प्रदेश है इसीलिए इसे धान का कटोरा कहते है। छत्तीसगढ़ राज्य 44त्न वनों से पूर्ण है और निश्चित रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए कृषि एवं वन की प्रमुखता से भागीदारी रहेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के नई औद्योगिक नीति में निश्चित रूप से कृषि उद्यानिकी एवं वनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीति रखी जाएगी, जिससे प्रदेश के किसानों को और आदिवासी अंचल में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इससे प्रदेश के कृषि उत्पादन का मूल्य संवर्धन मे वृद्धि हो सकेगी।

# छग में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 को

- ■ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे अध्यक्षता
- ■ राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजन

**रायपुर, 18 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को होने जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को शाम 5.30 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू और महापौर रायपुर श्री एजाज ढेबर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# शर्तों के साथ माओवादी वार्ता के लिए तैयार

**रायपुर, 18 फरवरी।** हथियार के दम पर सत्ता परिवर्तन की नीति पर चलने वाले नक्सली (माओवादी) क्या शांति वार्ता को राजी होगें। प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा की तरफ से वार्ता प्रस्ताव दिए जाने के बाद से यह सवाल लगातार उठ रहा था। गृह मंत्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान नक्सलियों के सामने बातचीत का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा था कि मोबाइल पर वीडियो कॉल के जरिये भी वे बातचीत के लिए राजी हैं। इस प्रस्ताव पर नक्सलियों की तरफसे जवाब का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आ गया है। नक्सलियों की तरफ से वार्ता प्रस्ताव का दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने जवाब भेजा है। बता दें कि नक्सलियों की यही कमेटी बस्तर संभाग में सक्रिय है।

नक्सली प्रवक्ता विकल्प की तरफसे एक लिखित बयान जारी किया गया है। 8 फरवरी को जारी इस बयान में विकल्प ने वार्ता के लिए सरकार के सामने कुछ शर्तें रखी है। कहा है कि हमारी पार्टी के साथ वार्ता के प्रति यदि सरकार ईमानदार है तो वह न्यूनतम बातों पर तो पहले अमल करे। फिर हम सीधी वार्ता या वर्चुअल/मोबाइल वार्ता के लिए आगे आएंगे। बातचीत का विधि-विधान, एजेंडा और मुद्दे अलग से तय किए जा सकते हैं। इसलिए हमारी पार्टी जनपक्षधर पत्रकारों, नागरिक समाज, प्रगतिशील-जनवादी बुद्धिजीवियों, नागरिक / मानवाधिकार संगठनों से अपील करती है कि वे जनता पर जारी सरकारी दमनचक्र के खिलाफ आवाज बुलंद करें, ऑपरेशन कगार को बंद करने, वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने सरकारों पर दबाव डालें। प्रवक्ता विकल्प ने सरकार के सामने कुछ शर्त रखी है। इसमें बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बलों का अभियान बंद करने की मांग भी शामिल है। विकल्प ने कहा कि वार्ता के लिए पार्टी के भीतर और जनता के साथ जरूरी सलाह-मशविरा, आदान-प्रदान के लिए सरकारें अनुकूल माहौल निर्मित करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि मुठभेड़ों व क्रॉस फायरिंग के नाम पर झूठी मुठभेड़ों में आदिवासियों की जघन्य हत्याएं बंद हों।

### कानून तोड़ने वालों पर बरतें सख्ती : एसपी

रात्रि गश्त में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को एसपी की दो टूक हिदायत मिली है कि बेवजह सड़कों पर घूमने वालों व असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करें। एसपी ने संतोष सिंह व एएसपी लखन पटले द्वारा ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफकिया गया। नाइट गस्त में तैनात सभी अधिकारियों, पेट्रोलिंग पार्टी, पॉइंट ड्यूटी स्टॉफ चेक गस्त अधिकारियों, डायल 112/को पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। रात्रि गस्त के दौरान रात्रि में अनावश्यक घूमने फिरने वाले लोगों, संदिग्ध गतिविधियों में सम्मिलित व्यक्तियों को चेक करने एवं रात्रि में तेज रफ्तार में कार व बाइक दौड़ाकर रोड रेज करने वालों पर विशेष चेकिंग पॉइंट लगाकर चेक कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। रात्रि के दौरान सभी पेट्रोलिंग पार्टी और गस्त पॉइंट को अपने क्षेत्र के बैंक,एटीएम,सराफा दुकान और हाई वैल्यू टारगेट शॉप्स इत्यादि को लगातार चेक करने कहा गया। रात्रि के दौरान एक्टिव गुंडा बदमाश,निगरानी बदमाश तथा आपराधिक तत्वों को भी चेक करने निर्देशित किया गया।

# संसार का भय है मृत्यु : संत राजीव नयन

**रायपुर, 18 फरवरी।** जब हम भागवत की कथा सुनते हैं तो हमारा जीवन सार्थक हो जाता है। भागवत की कथा से हमें क्या प्राप्त होना चाहिए, जब हम भागवत कथा सुने तो हमारा मन पूरी तरह से कृष्ण मय हो जाना चाहिए और हमें कृष्ण मिल जाए इस भाव से हमें भागवत कथा सुननी चाहिए। संसार का सुख न चाहने पर हमें दुख मिल जाए और दुख न चाहने पर हमें सुख मिल जाए तो क्या होगा। जैसे बिना चाहे व्यक्ति को दुख प्राप्त होता है वैसे ही बिना दुख चाहे व्यक्ति को सुख भी प्राप्त होता है। संसार का भय मृत्यु है। इसी में पूरा जीवन गुजर जाता है कि न जाने कब मौत आ जाए?

हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सत्संग में संत राजीव नयन महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि भक्ति को बढ़ाने और कृष्ण को प्राप्त करने वाली कथा सुननी चाहिए। सावधान का अर्थ है, स का मतलब जब भी आप भागवत कथा सुनने आए तो सरल होकर भागवत की कथा सुने, कितनी भी आपको जानकारी हो लेकिन हमें सरल होकर सुननी चाहिए। व शब्द का अर्थ है भागवत कथा वानरों के लिए लिखी गई है। ध शब्द का अर्थ है श्रवण ही नहीं करना है हमें उसे धारण भी करना है। न का मतलब एक भागवत कथा अगर जीवन में उतार लिया तो जीवन में दूसरी भागवत कथा कराने की जरुरत नहीं पड़ेगी। कालरुपी सर्प से बचने का एक मात्र उपाय है भागवत कथा सुनो और दूसरा कोई साधन नहीं है। मोक्ष की प्राप्ति के लिए भगवान शिव ने परिक्षित को भागवत की कथा सुनाया, जब वह कथा सुना ही रहे थे तो उसी समय देवता लोग आ गए। देवता भी तरसते हैं श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का पुण्य जीवन काल में जिस मनुष्य को मिल गया उसका जीवन भी धन्य हो गया। सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग बनाने की शनिवार की सुबह शुभ मुर्हूत में शुरुआत हुई। संत राजीव नयन महाराज एवं संजीव नयन महाराज ने शिवलिंग निर्माण और उसकी महत्ता को प्रतिपादित किया। यह क्रमशः हर दिन चलेगा।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26